# कार्य में लापरवाही पर जेई, ए0पी0ए0 व लिपिक को प्रतिकूल प्रवृष्टि, नामांतरण व रजिस्ट्री के प्रकरण में प्रभारी अधिकारी तलब

## – लखनऊ विकास प्राधिकरण में आयोजित नागरिक सुविधा दिवस में पहुंचे आवंटी की शिकायत पर मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब ने की कार्यवाही

– सुल्तानपुर रोड के पास अवैध निर्माण की शिकायत पर अवर अभियंता को फोन कर लगायी फटकार, तत्काल कार्यवाही के निर्देश

लखनऊ। गोमती नगर स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय में गुरूवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मण्डलायुक्त, लखनऊ डॉ0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी व सचिव विवेक श्रीवास्तव ने जन मानस की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना तथा इनके निस्तारण के सम्बंध में सम्बंधित को दिशा–निर्देश दिये।

जनसुनवाई में पहुंचे मोहम्मद खलील ने प्रार्थना पत्र दिया कि उन्हें कानपुर रोड योजना के सेक्टर–जी में भवन संख्या डी0एस0–102 आवंटित है। जिसकी रजिस्ट्री के लिए आवेदन किया था, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं हो रही है। इस पर मण्डलायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रकरण की फाइल के साथ मौके पर तलब किया। जांच में पाया गया कि उक्त सम्पत्ति का लीज प्लान और गणना सम्पत्ति अनुभाग को उपलब्ध नहीं करायी गयी है, जिसकी वजह से रजिस्ट्री नहीं हो पायी है। मामले में संवेदनहीनता पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने क्षेत्रीय अभियंता ऋतुपाल, आर्च कम प्लानिंग असिस्टेंट विक्रम कुमार व लिपिक अजय कश्यप को प्रतिकूल प्रवृष्टि देने के निर्देश दिये। साथ ही मौके पर ही आवंटी के पक्ष में सम्पत्ति की रजिस्ट्री के लिए फाइल तैयार करायी गयी। इसी तरह आवंटी विमला पाण्डेय, सीमा गप्ता, मनीष श्रीवास्तव, स्नेह लता द्विवेदी व अन्य के नामांतरण व रजिस्ट्री सम्बंधी प्रकरण में मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि शाम 5:00 बजे तक सभी मामले निस्तारित करके सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उनके कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर रिपोर्ट देंगे।

इसके अलावा जनसुनवाई में पहुंचे गुरूशरण सिंह, कुलवन्त सिंह, रजनी डावरा, कुलदीप कौर, पंकज शर्मा, सावित्री, शेखर कपूर ने बताया कि प्राधिकरण ने उन लोगों को आशियाना के सेक्टर–एम में भूखण्ड आवंटित किये थे। लेकिन, स्थल पर कुछ स्थानीय लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है और जब वह लोग भूखण्ड पर निर्माण कराने जाते हैं तो स्थानीय दबंग धमकी देकर भगा देते हैं। जांच में पाया गया कि प्राधिकरण के स्तर से स्थल पर अवैध अतिक्रमणध्निर्माण के खिलाफ कार्यवाही के लिए 9 बार तारीख लगायी गयी, लेकिन पुलिस फोर्स उपलब्ध न होने से कार्यवाही नहीं हो सकी। इस पर मण्डलायुक्त ने जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के सक्षम अधिकारियों से बात करके स्थल पर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

वहीं, अलीगंज व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने प्रार्थना पत्र दिया कि अलीगंज पुराना हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार पर बायीं तरफ पार्किंग के लिए जगह आरक्षित है। लेकिन, ठेकेदारों ने वहां बालू, मौरंग व गिट्टी आदि डम्प कर रखी है, जिसके चलते पार्किंग सुचारू नहीं हो पा रही है। इस पर उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने सम्बंधित अधिशासी अभियंता को एक सप्ताह के अंदर स्थल का चिन्हांकन व सीमांकन कराकर पार्किंग शुरू कराने के निर्देश दिये।

सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि आज के नागरिक सुविधा दिवस में कुल 50 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 13 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अवशेष प्रकरणों को सम्बंधित अनुभागों व विभागों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया है। प्राप्त शिकायतों का विवरण निम्नवत है:–

# खण्डहर में तब्दील हो गया है सामुदायिक शौचालय

सिद्धौर बाराबंकी (आरएनएस)। विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत कादिरपुर में प्रधान व सचिव की मिली भगत से ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले विकास कार्यों में जमकर बंदरबांट किया गया है। जिसका उदाहरण लगभग 3 वर्ष पूर्व गांव में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत बनाए गए। सार्वजनिक शौचालय का ताला तक नहीं खुला और खंडहर में तब्दील हो गया। सिद्धौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कादिरपुर में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत सन 2020–21 में लगभग 15 लख रुपए की लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। जिसका लाभ आज तक ग्रामीणों को नहीं मिल सका है।सार्वजनिक शौचालय का भवन खंडहर में तब्दील होता नजर आ रहा है। इस सार्वजनिक शौचालय पर ना तो अभी तक पानी की टंकी रखवाई गई है,और जो भी टैंक बनाए गए थे वह पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके हैं।यहां पर तैनात महिला केयरटेकर को प्रतिमाह का मानदेय देने की बात प्रकाश में आई है। जबकि इस सार्वजनिक शौचालय का अभी तक ताला भी नहीं खुला है। गांव के निवासी शिवप्रसाद रावत ने बताया जब से इस शौचालय का निर्माण हुआ है, तबसे आज तक इसका ताला तक नहीं खुला है और ना ही कोई यहां पर देखने आता है। इतना ही नहीं इसी ग्राम पंचायत में प्रशासन द्वारा पंचायत भवन का निर्माण कराया गया। लेकिन पंचायत सहायक की तैनाती भी है, शासन की मनसा थी कि इसी पंचायत भवन में बैठकर पंचायत सहायक ग्रामीण को जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल, मनरेगा जॉब कार्ड,विधवा पेंशन ,वृद्धा पेंशन,दिव्यांग पेंशन, पीएम आवास आदि सहित तमाम योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को इसी पंचायत भवन पर पहुंचकर पंचायत सहायक से आवेदन करना था। लेकिन पंचायत भवन का ताला महीने में एक दो बार खुलता है। पंचायत सहायक कभी भी पंचायत भवन में बैठी ही नही। गांव के निवासी कल्लू पुत्र मेवालाल जूली पत्नी राम लाल सहित अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि यहां पर तैनात पंचायत सहायक सुबह 9 से 10 के बीच में पंचायत भवन के पास आते हैं और फोटो खींचकर वापस चली जाती है।ग्रामीण ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात सहायक विकास अधिकारी उमेश पटेल से कई बार शिकायत की फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। पंचायत सहायक और सार्वजनिक शौचालय पर तैनात महिला केयरटेकर का प्रतिमाह मानदेय भी निकाला जा रहा है।इस संबंध खंड विकास अधिकारी सिद्धौर पूजा सिंह का कहना है कि अभी तक मुझे ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि शिकायत मिलती है तो पूरे प्रकरण की जांच करा कर जो भी दोषी पाया गया उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



# आबकारी टीम ने पकड़ी 65 लीटर कच्ची शराब

रायबरेली(आरएनएस) ।आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में एसडीएम लालगंज मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक लालगंज संजीव सिंह व आबकारी निरीक्षक सदर अखिलेश कुमार द्वारा जनपदीय आबकारी स्टाफ के साथ थाना खीरो के अन्तर्गत ग्राम नन्दाखेडाध व थाना सरेनी के अंतर्गत ग्राम पासिन का पुरवा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों, आसपास के जंगलों, नदी के किनारे आदि स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गई।दबिश के दौरान लगभग 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 500 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया।3 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त टोल फ्री नंबर 14405, व व्हाट्सएप नंबर 9454 466019, का प्रचार प्रसार किया गया। गांव में या आस –पास किसी भी व्यक्ति द्वारा अवैध शराब बनाने या बेचने का काम करता है तो इसकी गोपनीय सूचना आबकारी विभाग व पुलिस को देने के लिए कहा गया। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ

लालगंज,रायबरेली(आरएनएस)। बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शासन के निर्देशानुसार भव्य आगाज स्वयंसेवकों ने आलमपुर के शिव मंदिर से किया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा समाजसेवी भी उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों ने शिविर के पहले दिन मतदाता जागरूकता रैली निकाली जो दलित बस्ती से होते हुए मंदिर पर आकर समाप्त हुई। इसके पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने बच्चों से घर–घर जाकर वोट फॉर नेशन की अलख जगाने की अपील की । वहीं विशिष्ट अतिथि उमेश श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना देश की युवा शक्ति को रचनात्मक दिशा प्रदान करती है जिससे समाज और राष्ट्र की सेवा हो सके। उन्होंने ग्राम वासियों को शिविर का उद्देश्य बताया।

## छात्र छात्राओं ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया प्रेरित

ऊंचाहार,रायबरेली(आरएनएस) ।तहसील में नगर से जुड़ी मलिन बस्ती बद्दा मियां का पुरवा गांव में गुरुवार को गवर्मेंट पी जी कालेज के छात्र छात्राओं ने पूरे गांव की सफाई करके ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया । स्वच्छता के विभिन्न फायदे बताए तो गुरुजनों ने छात्रों में सद्भाव और समभाव का महत्व समझाया । यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजन शिविर के तहत आयोजित किया गया ।शिविर के प्रथम सत्र ने स्वयं सेवियों ने योगाभ्यास ।तत्पश्चात्त विकास श्रीवास्तव , कोटक महिंद्रा इन्वेस्टमेंट सेक्टर,नें गाँव वालों एवं स्वयंसेवियों को डिजिटल बैंकिंग के उद्भव एवं प्रयोगों के बारें में सजग किया।

# वन विभाग व पुलिस की टीम ने जेसीबी से दर्जनभर कोयले की भट्ठियों को किया जमींदोज

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। अर्से से इलाके में धधक रहीं अवैध कोयला भट्ठियों पर गुरुवार को विभाग ने कार्रवाई की। पुलिस टीम के साथ अधिकारी मौके पर पहुंचे। जेसीबी लगाकर आधा दर्जन भट्ठियों को जमींदोज कर दिया।

कुंडा इलाके में अर्से से दर्जनों कोयला भट्ठियां अवैध रुप से संचालित हो रही हैं। जिससे हरे पेड़ों की कटाई को भी बल मिलता रहा। लकड़ी माफिया रातों रात हरे प्रतिबंधित पेड़ों को काटकर इन्हीं कोयला भट्ठियों पर तौल देते थे। जिससे कोयला भट्ठियां संचालित होती रही। कोयला भट्ठी से निकलने वाला काला धुआं इलाके के फल बागानों के साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रहा था। शिकायत के बाद डीएफओ के आदेश पर गुरुवार को रेंज अधिकारी आशीष सिंह की अगुवाई में वन कर्मी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हथिगवां थाना क्षेत्र के कदमपुर गांव निवासी बृजेश पाण्डेय की दो, कमल पांडेय व गोलू पांडेय की एक–एक, देवीगढ़ बेती गांव निवासी दीपक कुमार पांडेय की दो, दशाराम उर्फ खुन्नू तथा विकास की एक–एक कोयला भट्ठी तोड़ी गई। वन दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने सभी भट्ठी संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। रेंजर आशीष सिंह ने बताया कि आठ कोयला भट्ठियां तोड़ी गई। अभी कुछ शेष है जिन्हें चिन्हित किया जा रहा। जल्द ही उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# भंगवा क्रासिंग ब्रिज का श्रेय लेने से नहीं चूके सांसद

## ग्रामीणों के सालों साल चले संघर्ष और मांग को किया दरकिनार

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। भंगवा रेलवे क्रासिंग 81 बी पर बनने वाले ओवर ब्रिज का श्रेय लेने से भी सांसद संगम लाल गुप्ता नहीं चूके। रेलवे स्टेशन पर गत दिनों हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा है कि किसी व्यक्ति ने इस पुल की डिमांड नहीं की थी। उन्होंने स्वयं से इसे लेकर दिया है। उनका यह वीडियो वायरल हुआ है। ऐसा कहकर उन्होंने भंगवा और उससे जुड़े दो दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों की कई सालों की मेहनत और किए गए संघर्ष पर पानी फेरने का काम किया है। उनके इस बयान को ग्रामीणों और आंदोलन से जुड़े लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। बता दें कि भंगवा चुंगी से मालगोदाम जाने वाली सड़क पर रेलवे क्रासिंग है। इसके ऊपर ब्रिज बनाने की मांग काफी समय से चल रही थी।

तत्कालीन अब दिवंगत प्रधान दीनानाथ ने ग्रामीणों को लेकर इसके लिए आंदोलन किए। कई बार लखनऊ में डीआरएम से मिले। स्टेशन पर धरना प्रदर्शन, ज्ञापन दिया। जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई जाती रही। उनके साथ भंगवा, खजुरनी समेत कई प्रधान इस संघर्ष का हिस्सा रहे। यह मामला ऊपर तक पहुंचा। तब जाकर ब्रिज बनाने की पहल हुई। रोहित, संजय, मोहन, संतोष तिवारी, अफजल आदि ग्रामीणों का कहना है कि माना कि सांसद संगम लाल ने इसके लिए प्रयास किया है। लेकिन यह उनके अकेले के बस की बात नहीं थी। ग्रामीणों की मांग पर ही उन्होंने मुद्दा बनाया। जिसका उन्हें भी फायदा हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के उपलक्ष्य मे आयोजित आराध्याष्कार्यक्रम

संवाददाता।

लखनऊ। मिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ के आशा क्लब व हेल्प यू एजुकेशनल एवं चौरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के उपलक्ष्य मे ष्आराध्याष कार्यक्रम का आयोजन एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ मे हुआ द्य ष्आराध्याष कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सम्मान, पैनल चर्चा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई आराध्या कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, अधिकारों अथवा महिला के जीवन मे आने वाली चुनौतियों को उजागर करना है मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती बी. चंद्रकला, आई.ए.एस., सचिव, महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही कार्यक्रम की आरंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना से हुआ द्य मुख्य अतिथि, वूमेन अचीवर अवार्ड से सम्मानित समस्त महिला विभूतियों, पैनल चर्चा के विद्वान वक्तागण, चयन समिति के सदस्य, एमिटी यूनिवर्सिटी के उप कुलपति, डीन, स्वयंसेवकों आदि को प्रतीक चिन्न और प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि बी. चन्द्रकला ने कहा कि आराध्या कार्यक्रम से बहुत प्रभावित हूं और मुझे जो सम्मान मिला है उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं द्य मैं डॉ रूपल अग्रवाल को अपनी बहन समान मानते हुए अपना आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने मुझे इस कार्यक्रम मे आमंत्रित कर सहभागिता का अवसर दिया द्य आज हमारे बीच समाज के विभिन्न क्षेत्रों से महिला सशक्तिकरण की अभूतपूर्व मिसाल सशक्त महिलाएं उपस्थित है, जिन्होंने अपनी मेहनत और अथक प्रयासों से समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है द्य आज उन सबको सम्मानित करना हम सबके लिए अत्यंत गर्व की बात है और मैं महिला सशक्तिकरण को समर्पित कार्यक्रम आराध्या का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूँ द्य आज महिलाएं समाज में डबल रोल निभा रही है तथा घर के साथ–साथ अपने कार्य स्थल पर भी कामयाबी का परचम लहरा रही है द्य मैं आप सभी को हार्दिक बधाई देती हूँ तथा आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूँ

# फुटवियर उद्योग में अग्रणी लिबर्टी ने लखनऊ में दो नए शोरुम खोले

संवाददाता।

लखनऊ, । फुटवियर उद्योग में अग्रणी लिबर्टी ने 14 मार्च को लखनऊ में दो नए शोरुम खोले। ई ब्लाक मार्केट आवास विकास राजाजी पुरम व विभव खंड कठौता चौराहे पर खुले लिबर्टी एक्सक्लिसिव शोरूम का शुभारंभ सीईओ श्री रमन बंसल व डायरेक्टर श्रीमती रितु बंसल ने किया। उन्होंने बताया समूह की भारत और विदेश में सैकड़ों पांच सितारा शोरूम और जूता स्टेशन स्थापित करने की भी योजना है। उन्होंने कहाकिउत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण दूरदर्शी पवित्र परियोजना श्री राम मंदिर धार्मिक पर्यटकों को आकर्षित करेगी और आमद बढ़ाएगी, जिससे घरेलू उत्पादों की मांग दिन–प्रतिदिन बढ़ेगी और समग्र व्यावसायिक गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पर्याप्त संभावनाओं और संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, हमारा लक्ष्य यूपी के प्रत्येक जिले में शोरूम स्थापित करना है। उन्होंने कहाकि हम एक ही छत के नीचे सभी परिवारों की जरूरतों को पूरा करते हैं। स्कूल शूज से लेकर स्पोर्ट्स शूज तक, बैलेरिना से लेकर आरामदायक स्लिप–ऑन तक, कॉर्पोरेट फॉर्मल से लेकर आरामदायक कैजुअल तक, उपभोक्ता को फुटवियर विकल्पों की व्यापक रेंज प्रदान करते हैं। हमारे ब्रांड हैंरू कूलर्स, लीप एक्स, हीलर, लकी ल्यूक, अहा, प्रीफेक्ट, सेनोरिटा, फॉर्च्यून आदि। जूते–चप्पल के अलावा हम जूते की देखभाल के उत्पाद, बैंक पैक, बेल्ट, पर्स, मोजे, पॉलिश, यात्रा बैग और महिलाओं के लिए हैंडबैग आदि जैसी सहायक वस्तुओं की एक श्रृंखला भी बनाते हैं।

# एलडीए ने सरोजनीनगर में अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

संवाददाता।

लखनऊ। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा शहर में अवैध निर्माणध्प्लाटिंग के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में गुरूवार को प्रवर्तन जोन–3 की टीम ने सरोजनीनगर क्षेत्र में एक अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की।

प्रवर्तन जोन–3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अतुल यादव व अन्य द्वारा सरोजनीनगर के ग्राम–अमौसी में पानी की टंकी के पास लगभग 05 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले–आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता संजय शुक्ला द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से गुरूवार को अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

# बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाएं, उन्हें नई–नई तकनीकी जानकारी दें–डीएम

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। शहर के तुलसीसदन में बुधवार को जनपद स्तरीय निपुण विद्यालय सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने दीप प्रज्जवलित एवं माँ सरस्वती के चित्र माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तुलसीसदन परिसर में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान की प्रदर्शनी का अवलोकन जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों व अध्यापकों द्वारा किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों द्वारा लगायी गयी विज्ञान प्रदर्शनी के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों से कहा कि बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में और आगे ले जाये और उन्हें नई–नई तकनीकी जानकारी दें। जिससे वे आगे बढ़कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सके।मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने कहा कि निपुण भारत योजना के साथ–साथ अन्य योजनाओं का लाभ छात्र–छात्राओं को दिया जाये। शिक्षा के साथ–साथ बच्चों का मनोबल भी बढ़ाया जाये। उन्होने अध्यापकों से कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में दिये जाने वाले प्रशिक्षण को अच्छी तरीक से सीखे। जिससे निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने आये हुये अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया और बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने निपुण विद्यालयों के 09 प्रधानाध्यापकों को प्रशस्त्रि पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। 120 निपुण विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य अतिथियां ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्त में विज्ञान प्रदर्शनी के 94 बच्चों को बैग, जमेटरी बाक्स, सेलो पानी का बॉटल, कापी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला समन्वयक प्रशिक्षण योगेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक निर्माण प्रदीप यादव, विद्यालययों के शिक्षक, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे

# चौकी के निकट मिली दो दिन से खड़ी लावारिस बोलेरो

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। भंगवा चुंगी चौकी के निकट एक बोलेरो लावारिश हालत में पुलिस को मिली है। बताया जाता है कि यह पिछले दो दिनों से खड़ी थी। चौकी के पुलिस कर्मियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। बुधवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से पुलिस महकमा सक्रिय हुआ।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी चौराहे से बलीपुर रोड पर एक कोचिंग सेंटर के सामने यूपी 25 एजे 425 नम्बर प्लेट की एक बुलेरो दो दिन से गैर जिले की खड़ी है। इसको देखने वाला कोई नहीं है। ऐसे में चौराहे पर खड़े ट्रैफिक सिपाही और भंगवा चौकी पुलिस किसी की नजर भी उस पर नहीं पड़ी। दिन भर पैसे की वसूली के लिए वाहनों के पीछे भागने वालों को लावारिश बुलेरों नहीं दिखाई दी। शाम को दीन दयाल नाम का ट्रैफिक सिपाही ड्यूटी पर आया। उसकी नजर बुलेरो पर पड़ी। उसे कुछ शक हुआ। आसपास पूछा गाड़ी के बारे में किसी को कुछ पता नहीं था। उसने अपने अफसरों को फोन कर दिया। कंट्रोल की सूचना पाकर कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई। गाड़ी को उठाकर कोतवाली लाया गया है। जांच पड़ताल हो रही है। कोतवाल का कहना है कि गाड़ी की पड़ताल चल रही है। मालिक को ढूंढा जा रहा है।

# अनुशासित व समर्पित भाव से सामाजिक कार्यों के प्रति हों संकल्प बद्धप्रो0 अमित

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। सिटी स्थित पीबीपीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के चार इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर गुरुवार से शुरू हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो0 अमित कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 अमित ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के जरिए समाज सेवा का अवसर मिलता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को अनुशासित व समर्पित भाव से सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि प्रो0 ब्रम्हानंद प्रताप सिंह ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। राज्य विश्वविद्यालय के एनएसएस के पूर्व समन्वयक प्रो0 उपेंद्र कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रमाधिकारी डा0 नीरज त्रिपाठी, डा0 कुलदीप सिंह, डा0 प्रणव ओझा ने भी संबोधित किया। स्वयंसेवकों ने कालेज परिसर में साफ– सफाई की। संचालन डा0 शिव प्रताप सिंह व अजय कुमार सिंह ने सभी के आभार जताया। इस अवसर पर डा0 देवेश सिंह, नीरज पांडेय, राकेश सिंह, रवि प्रकाश सिंह, बालेंदु सिंह, नन्हे लाल मौर्य, राजकुमार पटेल, प्रशांत शुक्ल, संकल्प सिंह आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लालगंज कोतवाली के भोगापुर भटनी में विनोद सरोज की पत्नी अनीता 30 का शव गुरूवार की सुबह फांसी के फंदे से लटकता मिला। उसकी दस वर्षीया बेटी मोहिनी ने मां की दशा को देखा तो शोर मचाया। सुबह मोहिनी सो कर उठी तो मां को काफी देर तक बाहर न देखकर कमरे के समीप गयी। वहां कमरा अंदर से बंद था। आवाज देने के बावजूद भी अंदर से कोई आवाज न आयी तो मोहिनी ने खिड़की से झांका तो उसकी मां फंदे पर झूलती दिखी। सूचना मिलने पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। अनीता अपने पीछे पुत्री मोहिनी 10 के अलावा पुत्र मोहित 06 तथा कार्तिक 03 को छोड़ गयी है। मृतका का पति विनोद राजस्थान में ईंट भटठे पर काम करता है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि शव पीएम के लिए भेजा गया है। अभी कोई तहरीर नही मिली है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। इधर मां की मौत को लेकर बच्चे बिलखते रहे।

# सांसद प्रमोद व विधायक मोना ने विकास कार्यों के लिए सौंपी सौगात

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी के द्वारा ब्लाक मुख्यालय के सुसज्जीकरण को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने खुशी जतायी है। रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालय पर नेता द्वय ने भव्य प्रवेश द्वार तथा अमृत सरोवर में आकर्षक फव्वारे व कार्यालय के नवीनीकरण समेत जनता की सुविधा के लिए सीसी रोड के चौडीकरण की समारोहपूर्वक सौगात दी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक मोना ने कहा कि रामपुर संग्रामगढ़ आदर्श ब्लाक के समान है। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानो तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों से ब्लाक स्तरीय ग्रामीण विकास से जुडी योजनाओं के संचालन मे प्रभावी योगदान पर जोर दिया।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शुक्रवार 15 मार्च 2024
sheelshukla100@gmail.com


# एक बिल्ली की वजह से जापान के शहर में हाई अलर्ट जारी, जानें क्या है पूरा मामला



एक कार्यकर्ता द्वारा खोजे गए पंजे के निशान से हेक्सावलेंट क्रोमियम की 3 मीटर गहरी टंकी मिली, जो एक कैंसर पैदा करने वाला रसायन है जो छूने या साँस लेने पर चकत्ते और सूजन पैदा कर सकता है। सुरक्षा फुटेज में बिल्ली को घटना के तुरंत बाद फैक्ट्री परिसर से बाहर निकलते हुए कैद किए जाने के बाद से बिल्ली का ठिकाना अज्ञात है।पश्चिमी जापान के फुकुयामा में एक मेटल प्लेटिंग प्लांट को एक अजीब स्थिति का सामना करना पड़ा। एक बिल्ली जहरीले रसायनों के एक कंटेनर में गिर गई, जिससे शहर भर में खोज शुरू हो गई और सार्वजनिक सुरक्षा के बारे में चिंता बढ़ गई। यह घटना जोकर की मूल कहानी के एक दृश्य की याद दिलाती है। दरअसल, एक कार्यकर्ता द्वारा खोजे गए पंजे के निशान से हेक्सावलेंट क्रोमियम की 3 मीटर गहरी टंकी मिली, जो एक कैंसर पैदा करने वाला रसायन है जो छूने या साँस लेने पर चकत्ते और सूजन पैदा कर सकता है। सुरक्षा फुटेज में बिल्ली को घटना के तुरंत बाद फैक्ट्री परिसर से बाहर निकलते हुए कैद किए जाने के बाद से बिल्ली का ठिकाना अज्ञात है। हेक्सावलेंट क्रोमियम, जिसे क्रोमियम –6 के रूप में भी जाना जाता है, ने जूलिया रॉबर्ट्स अभिनीत 2020 की बायोपिक एरिन ब्रोकोविच में अनिवार्य रूप से प्रतिपक्षी के रूप में कुख्याति प्राप्त की, जहां इसे कैंसर पैदा करने वाले रसायन के रूप में चित्रित किया गया था। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार, इस पदार्थ के संपर्क में आने से त्वचा में सूजन, श्वसन संबंधी समस्याएं और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। अमेरिकी सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रशासन (ओएसएचए) ने चेतावनी दी है कि इस रसायन के संपर्क में आने से फेफड़ों का कैंसर, नाक और साइनस कैंसर और नाक सेप्टम अल्सरेशन जैसी घातक स्थितियां भी हो सकती हैं। संपर्क जिल्द की सूजन, सूजन, अल्सर और गैस्ट्रिटिस कुछ संभावित दुष्प्रभाव हैं। कारखाने के कर्मचारी नियमित रूप से रसायन को संभालते समय सुरक्षात्मक गियर पहनते हैं, बिल्ली के साथ अप्रत्याशित मुठभेड़ ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए संभावित खतरों के बारे में चिंता पैदा कर दी है। कंपनी ने तुरंत अधिकारियों और आस–पास के निवासियों को सतर्क कर दिया और उनसे बिल्ली के देखे जाने की सूचना देने और उसके पास जाने से बचने का आग्रह किया।

# रूस–यूक्रेन युद्ध भूल जाओ, अब सबसे बड़ा युद्ध होने वाला है! भातर–चीनं को लेकर अमेरिका की खुफिया रिपोर्ट में क्या दावा किया गया




मूल्यांकन में आगे कहा गया है कि चीन शक्ति दिखाने और विदेश में चीन के हितों की रक्षा करने के अपने प्रयास में श्रीलंका और पाकिस्तान सहित कई स्थानों पर विदेशी सैन्य अड्डे स्थापित करना चाहता है। अमेरिकी खुफिया समुदाय के वार्षिक खतरे के आकलन में कहा गया कि भारत और चीन के बीच साझा विवादित सीमा उनके द्विपक्षीय संबंधों पर तनाव बनी रहेगी। लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल यानी एलएसी पर विवाद को लेकर अमेरिका की खुफिया रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एलएसी पर भारत और चीन के बीच सैन्य विवाद बढ़ सकता है। अमेरिका ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि एलएसी पर छोटी–छोटी झड़प गंभीर रूप ले सकती है। भारत और चीन के बीच बड़ा युद्ध होने की भी आशंका जताई गई है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के एक आकलन में दोनों पक्षों द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती और उनकी सेनाओं के बीच छिटपुट मुठभेड़ों के बीच भारत और चीन के बीच संभावित सशस्त्र संघर्ष की चेतावनी दी गई है, साथ ही कहा गया है कि सीमा विवाद पड़ोसियों के बीच संबंधों को लेकर तनाव बना रहेगा। आकलन में आगे कहा गया है कि चीन कई स्थानों पर विदेशी सैन्य अड्डे स्थापित करना चाह रहा है। मूल्यांकन में आगे कहा गया है कि चीन शक्ति दिखाने और विदेश में चीन के हितों की रक्षा करने के अपने प्रयास में श्रीलंका और पाकिस्तान सहित कई स्थानों पर विदेशी सैन्य अड्डे स्थापित करना चाहता है। अमेरिकी खुफिया समुदाय के वार्षिक खतरे के आकलन में कहा गया कि भारत और चीन के बीच साझा विवादित सीमा उनके द्विपक्षीय संबंधों पर तनाव बनी रहेगी। जबकि दोनों पक्ष 2020 के बाद से महत्वपूर्ण सीमा पार झड़पों में शामिल नहीं हुए हैं, वे बड़ी सेना की तैनाती बनाए हुए हैं, और विरोधी ताकतों के बीच छिटपुट मुठभेड़ों से गलत आकलन और सशस्त्र संघर्ष में वृद्धि का जोखिम है।
सोमवार को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआइ) द्वारा, क्योंकि यह संभावित अंतर–राज्य संघर्षों के बारे में बात करता है। रिपोर्ट में नाजुक वैश्विक व्यवस्था, चीन की सैन्य विस्तार योजना, उसके आक्रामक साइबर अभियान और 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों को प्रभावित करने के संभावित प्रयास पर प्रकाश डाला गया है। इसमें इजराइल–हमास युद्ध और रूस–यूक्रेन युद्ध सहित अन्य संघर्षों के बारे में भी बात की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी रणनीतिक सेला सुरंग का उद्घाटन किया, जो तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

# अमेरिका के किसी भी देश की तुलना में सबसे कम मुद्रास्फीति...बाइडेन की फिर फिसली जुबान,



बाइडेन ने विस्कॉन्सिन राज्य के मिल्वौकी में अपने संबोधन में कहा कि मजदूरी कीमतों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है और अब हम अमेरिका में किसी भी देश की तुलना में सबसे कम मुद्रास्फीति दरों में से एक हैं। ,फिर भी, हम इसे और भी कम करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की एक बार फिर कैमरे पर जुबान फिसल गई। जब उन्होंने देश में मुद्रास्फीति से निपटने के अपने प्रशासन के प्रयासों के बारे में बोलते हुए एक और गलती कर दी है। यह कहने के बजाय कि अमेरिका में दुनिया में सबसे कम मुद्रास्फीति दर है, बाइडेन ने कह दिया कि यूएस में अमेरिका में किसी भी देश की तुलना में सबसे कम मुद्रास्फीति दर है। बाइडेन ने विस्कॉन्सिन राज्य के मिल्वौकी में अपने संबोधन में कहा कि मजदूरी कीमतों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है और अब हम अमेरिका में किसी भी देश की तुलना में सबसे कम मुद्रास्फीति दरों में से एक हैं। ,फिर भी, हम इसे और भी कम करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।विस्कॉन्सिन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपनी आर्थिक नीतियों का बचाव करते हुए बाइडेन ने ये बातें कही हैं। ये टिप्पणियाँ राष्ट्रपति पद के लिए बाइडेन की दावेदारी उनकी बढ़ती उम्र और मानसिक तीक्ष्णता पर चिंताओं से घिरे होने के बीच आई है। 81 वर्षीय सबसे उम्रदराज अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन, 5 नवंबर, 2024 को 2020 के चुनाव के दोबारा मैच में अपने पूर्ववर्ती और रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रम्प का सामना करने के लिए तैयार हैं। बाइडेन के मानसिक स्वास्थ्य और बुढ़ापे की हाल ही में जांच की गई है। इससे यह चिंता पैदा हो गई कि राष्ट्रपति चुनाव नजदीक आने के कारण वह दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। राष्ट्रपति का स्वास्थ्य इस साल की शुरुआत में खबरों में था, जब एक विशेष वकील ने वर्गीकृत दस्तावेजों को अनुचित तरीके से संग्रहीत करने के लिए बाइडेन की जांच करते हुए सुझाव दिया था कि वह अपनी उम्र के कारण मानसिक गिरावट से पीड़ित थे। 345 पन्नों की रिपोर्ट में उन्हें एक सहानुभूतिशील, नेक इरादे वाला, कमजोर याददाश्त वाला बुजुर्ग व्यक्ति बताया गया है।

# 45 साल पहले पाकिस्तान में हुआ घोर अन्याय, सजा को पलटने की मांग वाला प्रस्ताव संसद में पारित



पाकिस्तान की संसद ने एक प्रस्ताव पारित कर पूर्व प्रधानमंत्री और पीपीपी संस्थापक जुल्फिकार अली भुट्टो को दी गई मौत की सजा को पलटने की मांग की गई। भुट्टो को 1979 में जनरल मुहम्मद जिया–उल–हक के सैन्य शासन द्वारा फांसी दी गई थी। यह प्रस्ताव 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सर्वसम्मति से यह राय दिए जाने के कुछ दिनों बाद पारित किया गया था कि हाई–प्रोफाइल मामले की बहुप्रतीक्षित समीक्षा में पूर्व प्रधानमंत्री को निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया नहीं मिली। 18 मार्च 1978 को लाहौर उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संस्थापक सदस्यों में से एक, अहमद रजा कसूरी की हत्या का आदेश देने के आरोप में भुट्टो को मौत की सजा सुनाई। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल असेंबली (एनए) द्वारा अपनाए गए और पीपीपी की शाजिया मैरी द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में भुट्टो के मुकदमे और उसके बाद दोषी ठहराए जाने को न्याय का घोर उल्लंघन माना गया। यह बेगम नुसरत भुट्टो साहिबा, शहीद मोहतरमा बेनजीर भुट्टो और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के कार्यकर्ताओं के संघर्षों को सलाम करता है जिन्होंने इस सच्चाई को स्थापित करने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। शीर्ष अदालत की राय 2011 में तत्कालीन राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी द्वारा अपने ससुर भुट्टो की हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने और 4 अप्रैल, 1979 को उनकी फांसी की सजा पर फिर से विचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में भेजे गए एक विशेष मामले पर आधारित थी। संयोग से 10 मार्च को जरदारी दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए। प्रस्ताव में 44 साल पहले भुट्टो के साथ हुए घोर अन्याय को अंततः अपने फैसले में स्वीकार करने और स्वीकार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की सराहना की गई।

# प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद पहली यात्रा के लिए दिल्ली को चुना, शेरिंग टोबगे का 5 दिवसीय भारत दौरा है बेहद खास,



भूटान के नेता 14 से 18 मार्च तक भारत की यात्रा पर हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करेंगे। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। राज्य देश में तेल, तेल, स्नेहक और अन्य पेट्रोलियम से संबंधित उत्पादों की आपूर्ति के लिए भूटान की शाही सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत से भूटान को पेट्रोलियम, तेल, स्नेहक (पीओएल) और संबंधित उत्पादों की सामान्य आपूर्ति पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दे दी है। भारत और भूटान के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कदम है। भारत सरकार और भूटान की शाही सरकार के बीच समझौता ज्ञापन, हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने, भूटान को पेट्रोलियम उत्पादों की सुरक्षित और दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास करता है।भूटान के नेता 14 से 18 मार्च तक भारत की यात्रा पर हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करेंगे। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। राज्य देश में तेल, तेल, स्नेहक और अन्य पेट्रोलियम से संबंधित उत्पादों की आपूर्ति के लिए भूटान की शाही सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। समझौते का उद्देश्य भारत और भूटान के बीच विशेष रूप से हाइड्रोकार्बन के क्षेत्र में आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करना है। इससे हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलने और भूटान को पेट्रोलियम उत्पादों की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित होने की उम्मीद है। समझौते पर हस्ताक्षर ऊर्जा सुरक्षा हासिल करने के भारत के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समझौता ज्ञापन भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के हिस्से के रूप में रणनीतिक रूप से उपयुक्त होगा।

# कनडा से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे थे चार लोग गिरफ्तार, तीन भारतीय भी शामिल



अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने एक महिला सहित चार लोगों को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे बफेलो शहर में अंतरराष्ट्रीय रेलमार्ग पुल पर चलती मालगाड़ी से कूदे थे। चौथा शख्स डोमिनिकन गणराज्य का नागरिक है। पुलिस के करीब आते ही पुरुषों ने उस महिला को छोड़ दिया जो घायल हो गई थी वाशिंगटन। अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे कम से कम तीन भारतीयों समेत चार लोगों को कनाडा सीमा से सटे एक स्थान से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने एक महिला सहित चार लोगों को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे बफेलो शहर में अंतरराष्ट्रीय रेलमार्ग पुल पर चलती मालगाड़ी से कूदे थे।चौथा शख्स डोमिनिकन गणराज्य का नागरिक है। पुलिस के करीब आते ही पुरुषों ने उस महिला को छोड़ दिया जो घायल हो गई थी और वहां से फरार हो गए लेकिन पुलिस ने पुरुषों का पीछा करके उन्हें पकड़ लिया गया। घायल महिला को एरी काउंटी शेरिफ के अधिकारियों और अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) ने प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद महिला को एम्बुलेंस से स्थानीय चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। जांच से पता चला है कि इन चारों लोगों के पास कोई दस्तावेज नहीं थे। मीडिया को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि तीनों पुरुषों को बटाविया संघीय निरोध केंद्र में हिरासत में रखा गया है जहां वे निर्वासन की सुनवाई होने तक बंद रहेंगे।

# पीएम मोदी के बुलावे पर भारत आए भूटान के प्रधानमंत्री, अश्विनी चौबे ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे भारत की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। जनवरी 2024 में पदभार संभालने वाले भूटानी पीएम की यह पहली विदेश यात्रा है। हवाई अड्डे पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने उनका स्वागत किया।राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पुणे आईएसआईएस हथियार और विस्फोटक जब्ती मामले में अपनी पहली पूरक चार्जशीट दायर की, जिसमें चार और आरोपियों को नामित किया गया और एक के खिलाफ आरोप जोड़े गए। इसके साथ, हथियारों, विस्फोटकों, रसायनों और आईएसआईएस से संबंधित साहित्य की जब्ती से संबंधित जुलाई 2023 के मामले में एनआईए द्वारा कुल 11 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी के निमंत्रण पर भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे भारत की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। जनवरी 2024 में पदभार संभालने वाले भूटानी पीएम की यह पहली विदेश यात्रा है। हवाई अड्डे पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने उनका स्वागत किया। भूटान के पीएम का स्वागत करने वाले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि उनकी यात्रा दोनों देशों के बीच दोस्ती के संबंधों का एक प्रमाण है।जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत में हार्दिक स्वागत! भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे जनवरी 2024 में पदभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। हवाई अड्डे पर राज्य मंत्री अश्वनी चौबे ने उनका स्वागत किया। भूटान के प्रधानमंत्री की यात्रा दोनों देशों के बीच मित्रता के अनुकरणीय संबंधों को ध्यान में रखते हुए है। भूटान के प्रधानमंत्री के साथ विदेश और विदेश व्यापार मंत्री, ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्री, उद्योग, वाणिज्य और रोजगार मंत्री और भूटान की शाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी हैं। अपनी भारत यात्रा के दौरान, टोबगे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और उनके पीएम नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने की उम्मीद है। विदेश मंत्री एस जयशंकर और अन्य भारतीय गणमान्य व्यक्ति भी भूटान के प्रधान मंत्री से मुलाकात करेंगे। टोबगे का मुंबई जाने का भी कार्यक्रम है।

# नया स्लीपर सेल खड़ा करना है मकसद, 22 साल बाद फिर से एक्टिव हुआ अक्षरधाम मंदिर अटैक का मास्टरमाइंड

फरहतुल्ला गोरी, जिसे अबू सुफियान, सरदार साहब और फारू के नाम से भी जाना जाता है। उसको हाई–प्रोफाइल हमलों से जोड़ा गया है, जिसमें 2002 में अक्षरधाम मंदिर पर हमला और 2005 में हैदराबाद में टास्क फोर्स कार्यालय पर आत्मघाती हमला शामिल है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी समूह जैश–ए–मोहम्मद (श्रमड) के लिए आतंकवादी भर्तीकर्ता और फाइनेंसर, देश में धार्मिक अल्पसंख्यकों को लक्षित करने वाले आतंकवादी प्रचार वीडियो को बढ़ाने के लिए फेसबुक, टेलीग्राम और यूट्यूब पर अकाउंट के नेटवर्क को टारगेट करने वाले फरहतुल्ला गोरी का 22 साल बाद एक नया वीडियो सामने आया है। गृह मंत्रालय ने यूएपीए कानून के तहत फरहतुल्लाह गोरी को श्आतंकवादीश घोषित किया और आतंकवादी सूची में उसका नाम 38 कट्टर आतंकवादियों की सूची में 18वें स्थान पर है। उसका नाम जनवरी 2004 में तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नल्लू इंद्रसेन रेड्डी की असफल हत्या की साजिश में सामने आया था और उसके बाद, पुलिस 12 अक्टूबर 2005, बेगमपेट टास्क फोर्स कार्यालय आत्मघाती बम विस्फोट और गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हमले में संलिप्तता की बात भी कही जाती है।फरहतुल्लाह गौरी कौन हैं?फरहतुल्ला गोरी, जिसे अबू सुफियान, सरदार साहब और फारू के नाम से भी जाना जाता है। उसको हाई–प्रोफाइल हमलों से जोड़ा गया है, जिसमें 2002 में अक्षरधाम मंदिर पर हमला और 2005 में हैदराबाद में टास्क फोर्स कार्यालय पर आत्मघाती हमला शामिल है। उसे गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा आतंकवादी के रूप में नामित किया गया है और भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा वांछित है। हाल ही में एनआईए के मोस्ट वांटेड आतंकवादी और आईएस प्रायोजित मॉड्यूल का हिस्सा मोहम्मद शाहनवाज आलम और उसके दो सहयोगियों की गिरफ्तारी की थी। उसने गोरी की एक्टिविटी का खुलासा किया था। उसके ऑनलाइन जिहाद के लिए भारतीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाने में उसकी संलिप्तता का पता चला है। गुजरात के रहने वाले गौरी की ऑनलाइन गतिविधियां जांच के दायरे में आ गई हैं। उसे भारतीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के उद्देश्य से यूट्यूब पर भाषण पोस्ट करते देखा गया है। अपनी ऑनलाइन सामग्री में वह युवाओं को जिहाद में शामिल होने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता है। दो दिन पहले ही जारी एक वीडियो बयान में फरहतुल्ला गोरी की आवाज सुनी जा सकती है। गौरी में कार्य




करता है और महत्वाकांक्षी जिहादियों के लिए क्या करना है और क्या नहीं करना है, इस पर मार्गदर्शन प्रदान करता है। फरहतुल्ला गोरी का वीडियो रिलीज करने

# मुंबई ने 42वीं बार जीती रणजी ट्रॉफी, फाइनल में विदर्भ को दी मात



मुंबई ने वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से पराजित किया है। 538 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए विदर्भ अपनी दूसरी पारी में 418 रन ही बना सका। मुंबई ने रिकॉर्ड 42वीं बार ये खिताब अपने नाम किया है। मुंबई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रणजी ट्रॉफी 2023–24 का खिताब अपने नाम कर लिया। मुंबई ने वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से पराजित किया है। 538 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए विदर्भ अपनी दूसरी पारी में 418 रन ही बना सका। मुंबई ने रिकॉर्ड 42वीं बार ये खिताब अपने नाम किया है। वहीं विदर्भ का तीसरी बार खिताब जीतने का सपना टूट गया है। मुंबई ने 8 साल बाद रणजी का खिताब अपने नाम किया है। वहीं फाइनल मैच में 538 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए विदर्भ ने एक समय अपने चार विकेट 133 रनों के स्कोर पर खो दिए थे। यहां से करुण नायर और कप्तान अक्षय वाडकर के बीच पांचवें विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी हुई। मुशीर खान ने नायर को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ने का काम किया। करुण नायर के आउट होने के बाद अक्षय वाडकर और हर्ष दुबे ने मिलकर छठे विकेट के लिए 130 रनों की पार्टनरशिप की।

# टी 20 वार्ड कप में खिलाड़ियों को जगह मिलनी मुश्किल! सिर्फ आईपीएल 2024 से नहीं होगा भला

भारतीय खिलाड़ियों के पास अब महज आईपीएल 2024 ही रह गया है। जो उनकी तैयारियों को आखिरी रूप देगा। दरअसल, वर्ल्ड कप स्क्वॉड सिलेक्शन में आईपीएल अहम भूमिका निभाएगा। लेकिन टूर्नामेंट टीम का चयन मुख्य आधार नहीं होगा। दरअसल, चयनकर्ता सिर्फ आईपीएल के प्रदर्शन पर ही निर्भर रहना नहीं चाहते हैं। आगामी टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय खिलाड़ियों के पास अब महज आईपीएल 2024 ही रह गया है। जो उनकी तैयारियों को आखिरी रूप देगा। दरअसल, वर्ल्ड कप स्क्वॉड सिलेक्शन में आईपीएल अहम भूमिका निभाएगा। लेकिन टूर्नामेंट टीम का चयन मुख्य आधार नहीं होगा। दरअसल, चयनकर्ता सिर्फ आईपीएल के प्रदर्शन पर ही निर्भर रहना नहीं चाहते हैं। हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चयनकर्ता यही रवैया अपनाने वाले हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने भ्ज को बताया कि, आईपीएल अहम होगा लेकिन ये टी20 वर्ल्ड कप केलिए चयन का मुख्य मानदंड नहीं



होगा। चयनकर्ताओं ने कमोबेश एक टीम तैयार कर ली है। जब तक कोई शानदार प्रदर्शन या फॉर्म में भारी गिरावट न हो, आईपीएल से बहुत ज्यादा बदलाव नहीं आएगा। वहीं बोर्ड संतुलन बनाने में लगा हुआ है। आईपीएल एख अहम मंच जरूर बना हुआ है, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप के लिए लगातार प्रदर्शन और आगे की सोच को फोकस में रखा जाएगा।

ऐसे में ये बदलाव अहम साबित हो सकता है, क्योंकि भारत अपने आईसीसी ट्रॉफी सूखे को खत्म करने के लक्ष्य से ही जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में उतरेगा।

# आरसीबी का शिविर शुरू, अगले कुछ दिन में जुड़ेंगे विराट कोहली



बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा ,'' कोहली अगले कुछ दिन में पहुंचेंगे।'' कोहली टीम के सालाना कार्यक्रम 'आरसीबी अनबॉक्स' में भी पहुंच सकते हैं जिसमें प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों की झलक देखने का मौका मिलता है। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग से पहले अपने शिविर की शुरूआत की लेकिन उसके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अगले कुछ दिन में टीम से जुड़ेंगे। आरसीबी को आईपीएल में गत चौम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 22 मार्च को पहला मैच खेलना है। अधिकांश घरेलू खिलाड़ी नये मुख्य कोच एंडी फ्लावर और क्रिकेट निदेशक मो बबाट के मार्गदर्शन में शिविर में पहुंच गए हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ भी शिविर में पहुंच गए हैं। कोहली पितृत्व अवकाश के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी नहीं खेले थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा ,'' कोहली अगले कुछ दिन में पहुंचेंगे।'' कोहली टीम के सालाना कार्यक्रम 'आरसीबी अनबॉक्स' में भी पहुंच सकते हैं जिसमें प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों की झलक देखने का मौका मिलता है। डु प्लेसी ने आरसीबी 'बोल्ड डायरीज' में कहा ,'' फ्लावर शानदार कोच है और टीम खुशकिस्मत है कि वे हमारे साथ है।'' वहीं फ्लावर ने कहा ,''हम आरसीबी की कहानी का नया अध्याय लिखेंगे और यह हमारी खुशकिस्मती है। हम इसे लेकर काफी रोमांचित हैं।

# पाकिस्तान का मुख्य कोच बनने पर सेन वाटसन ने अभी नहीं लिया फैसला

बोर्ड के सूत्रों के अनुसार वाटसन ने सालाना 20 लाख डॉलर मांगे हैं जो प्रतिमाह करीब सो चार करोड़ रूपये होते हैं। यह पाकिस्तान में किसी विदेशी कोच की सबसे ज्यादा फीस होगी। आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वाटसन ने अभी तक पाकिस्तान का मुख्य कोच बनने के बारे में फैसला नहीं लिया है हालांकि



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनकी फीस की मांग स्वीकार कर ली है।बोर्ड के सूत्रों के अनुसार वाटसन ने सालाना 20 लाख डॉलर मांगे हैं जो प्रतिमाह करीब सो चार करोड़ रूपये होते हैं। यह पाकिस्तान में किसी विदेशी कोच की सबसे ज्यादा फीस होगी।पाकिस्तान के पूर्व विदेशी कोच रिचर्ड पायबस, बॉब वूल्मर, ज्यौफ लॉसन, डेव वाटमोर, ग्रांट ब्राडबर्न और मिकी आर्थर को इससे काफी कम फीस दी गई थी। सूत्र ने कहा ,'' आस्ट्रेलिया में वाटसन का परिवार है और अमेरिकी मेजर लीग से भी उसका करार है। वह सारे विकल्पों पर विचार कर रहा है क्योंकि बोर्ड चाहता है कि वह अधिकतम समय पाकिस्तान में बिताये और घरेलू स्तर पर खिलाड़ियों को तैयार करे।''उन्होंने कहा कि वाटसन अनुबंध पर हस्ताक्षर करने में समय ले रहे हैं

# आईपीएल 2024 से पहले केकेआरको बड़ा झटका, पहला मैच मिस कर सकते हैं श्रेयस अय्यर

22 मार्च से आईपीएल के 27वें सीजन की शुरुआत हो रही है। लेकिन उससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स टीम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर की पीठ की चोट एक बार फिर उभरने लगी है। रणजी ट्रॉफी का फाइनल मैच खेलते हुए वो इस चोट से परेशान दिखे थे। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी फाइनल के दौरान उनकी पीठ की चोट ने फिर परेशान किया। वहीं केकेआर को अय्यर की चोट फिर से उभरने से झटका लगा है। रिपोर्ट के मुताबिक अय्यर आईपीएळ 2024 के शुरुआती मैच को मिस कर सकते हैं। श्रेयस अय्यर की पिछले साल पीठ की सर्जरी हुई थी, उनको रणजी ट्रॉफी फाइनल की दूसरी पारी में मुंबई के लिए 95 रन की पारी के दौरान दो बार फिजियो से इलाज कराने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद असुविधा के कारण वह पूरे चौथे दिन नहीं खेल सके। रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि एक अस्पताल में उनकी पीठ का स्कैन कराया गया। एक सूत्र ने टीओआई को बताया कि, ये अच्छा नहीं लग रहा है। यह वही पीठ की चोट है जो बढ़ गई है। इसकी संभावना नहीं है कि वह रणजी ट्रॉफी फाइनल के पांचवें



दिन मैदान पर उतरेंगे। उन पर आईपीएल के शुरुआती मैच मिस करने का खतरा मंडरा रहा है। श्रेयस अय्यर की चोट केकेआर के लिए बड़ी चिंता का विषय है। आईपीएल 22 मार्च से शुरू हो रहा है और केकेआर को अपना पहला मैच 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलना है ऐसे में शुरुआती मैचों के लिए अय्यर की उपलब्धता सवालिया निशान बन कर रह गई है।

# रचिन रविंद्र बने न्यूजीलैंड के बेस्ट क्रिकेटर , सर रिचर्ड हैडली मेडल जीतकर रचा इतिहास

रचिन रवींद्र बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुने जाने के बाद सर रिचर्ड हैडली पदक पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। महिलाओं में एमेलिया केर ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कारों में प्रमुख पुरस्कार जीते। भारत में पिछले साल खेले गये विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रचिन रवींद्र बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुने जाने के बाद सर रिचर्ड हैडली पदक पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। महिलाओं में एमेलिया केर ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कारों में प्रमुख पुरस्कार जीते। केन विलियमसन को टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एएनजेड साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें पुरुष वर्ग में प्रथम श्रेणी में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'रेडपाथ कप' से



सम्मानित किया गया। रवींद्र महज 24 साल की उम्र में 'सर रिचर्ड हैडली मेडल' के सबसे कम उम्र के विजेता हैं। वह पिछले एक सत्र में टेस्ट और सीमित ओवर की क्रिकेट में न्यूजीलैंड टीम के मुख्य स्तंभ के तौर पर उभरे हैं।

पिछले साल मार्च में राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद रवींद्र ने भारत में खेल गये विश्व कप में 64 की औसत से 578 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और दो अर्धशतक जड़े। इस प्रदर्शन के बाद रवींद्र को 2023 के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ उभरते हुए खिलाड़ी चुने गये थे। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ साढ़े तीन लाख डॉलर का इंडियन प्रीमियर लीग अनुबंध भी हासिल किया। उन्होंने इस दौरान तीनों प्रारूप में अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी।इस बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बे ओवल में खेले गये टेस्ट मैच में 240 रन का योगदान दिया था। उन्होंने इसके साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में भी दमदार प्रदर्शन किया। केर ने महिला श्रेणी के प्रमुख पुरस्कारों में सूपड़ा साफ किया। वह 'एएनजेड' वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गयी। उन्हें 'डेबी हॉकले मेडल' से सम्मानित किया गया। यह लेग–स्पिनर हरफनमौला वनडे सत्र में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी थी। उन्होंने दो शतक और 67 की औसत से 541 रन बनाए। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में सत्र में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजी की सूची में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। उन्होंने इस दौरान बल्ले से 42 की औसत और 118 की स्ट्राइक रेट से 252 रन भी बनाये हैं। अपने शानदार प्रदर्शन के कारण वह साल 2023 के लिए आईसीसी की महिला वनडे और टी20आई में साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह बनाने में सफल रही थी।

# आईपीएल 2024 में आरसीबी का नाम बदल जाएगा ? अलग अवतार में नजर आएगी टीम

आईपीएल के 17वें सीजन से पहले आरसीबी की टीम बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। दरअसल, आरसीबी अनबॉक्स इवेंट के दौरान एक घोषणा की उम्मीद है। जहां टीम का नाम बदला जा सकता है। आरसीबी की टीम ने भी इसे लेकर एक बड़ा संकेत दिया है। आईपीएल 2024 को लेकर टीमों ने अपनी तैयारियों को शुरू कर दिया है। सभी टीमों के ट्रेनिंग कैंप लग चुके हैं और खिलाड़ियों ने प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है। फैंस को दुनिया के सबसे बड़े लीग का बेसब्री से इंतजार है। इसी बीच आईपीएल से पहले आरसीबी की टीम बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। दरअसल, आरसीबी अनबॉक्स इवेंट के दौरान एक घोषणा की उम्मीद है। जहां टीम का नाम बदला जा सकता है। आरसीबी की टीम ने भी इसे लेकर एक बड़ा संकेत दिया है। रॉयल चौलेंजर्स



बैंगलोर की टीम 19 मार्च को आरसीबी अनबॉक्स इवेंट का आयोजन करेगी। इस दौरान टीम के नाम में बदलाव की घोषणा होने की उम्मीद है। दरअसल, बैंगलोर का नाम साल 2014 में बदलकर बेंगलुरु कर दिया गया था। लेकिन आरसीबी की टीम ने अपने नाम में कोई बदलाव न करते हुए पुराने नाम के साथ खेलने का फैसला लिया था। अब ये फैसला स्थानीय समर्थकों के लंबे प्रदर्शन का नतीजा है जो लंबे समय से बदलाव पर जोर दे रहे थे। हालांकि, इसे लेकर आरसीबी की ओर से कोई ऑफिशियल जानकारी आरसीबी की ओर से नहीं दिया गया है। लेकिन टीम ने इसे लेकर एक संकेत देते हुए अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। वीडियो में तीन भैंसों पर आरसीबी का नाम लिखा हुआ है। इसके बाद भैंस पर बैंगलोर लिखा हुआ है उसे वीडियो से हटा दिया जाता है। ऐसे में फैंस इसे लेकर कह रहे हैं कि टीम अपने नए नाम के लिए तैयार है।

# मलेशिया दौरे से पहले एआईएफएफ ने अंडर 23 शिविर के संभावित खिलाड़ी चुने

एआईएफएफ) ने मलेशिया के खिलाफ 22 और 25 मार्च को कुआलालम्पुर में होने वाले दो मैत्री मैचों से पहले अंडर 23 शिविर के लिये 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर दिल्ली में शुक्रवार से शुरू होगा और 20 मार्च को मलेशिया जाने वाली 23 सदस्यीय टीम इसी में से चुनी जायेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मलेशिया के खिलाफ 22 और 25 मार्च को कुआलालम्पुर में होने वाले दो मैत्री मैचों से पहले अंडर 23 शिविर के लिये 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर दिल्ली में शुक्रवार से शुरू होगा और 20 मार्च को मलेशिया जाने वाली 23 सदस्यीय टीम इसी में से चुनी जायेगी। भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी के सहायक कोच नौशाद मूसा को मुख्य कोच बनाया गया है। नोएल विल्सन सहायक कोच और दीपांकर चौधरी गोलकीपिंग कोच होंगे। मिडफील्डर अभिषेक सूर्यवंशी, ब्रिसन फर्नांडिस, मार्क जोथांपुइया, मोहम्मद ऐमन, पी सनाथोइ मीताइ, थोइबा सिंह मोइरांगथम, बिपिन मोहनन फॉरवर्ड अब्दुल रबीह,गुरकीरत सिंह,

# हेल्दी समझकर क्या आप भी एयर फ्रायर में पकाते हैं खाना जानें इसे लेकर क्या कहते हैं हेल्थ एक्सपर्ट्स

आजकल खाना पकाने के लिए जीरो–ऑयल कूकिंग और कम तेल का इस्तेमाल काफी हो रहा है. इसमें एयर फ्रारयर में खाना पकाया जा रहा है. फिटनेस फ्रीक लोग एयर फ्रायर को काफी पसंद करते हैं. हालांकि, सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या एयर फ्रायर में पकाया गया खाना साधारण तरीके से तेल में तलकर बनाए गए खाने से अच्छा होता है. क्या इसे खाना ज्यादा हेल्दी होता है. आइए जानते हैं हेयर फ्रायर में पकाए गए खाने के फायदे और नुकसान...

एयर फ्रायर में खाना पकाने के फायदे

एयर फ्रायर में बहुत कम तेल में खाना पकाया जाता है. इसका इस्तेमाल भी काफी आसान होता है. इससे समय की बचत भी होती है. ऐसे लोग जो कोलेस्ट्रॉल, मोटापा और ब्लड प्रेशर बढने के डर से तली हुई चीजें नहीं खा पाते हैं, वे एयर फ्रायर का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसमें आलू टिक्की, समोसा जैसी चीजें बनाकर खा सकते हैं. हालांकि, यह कितना सही इसके लिए




एक्सपर्ट्स से सलाह ले लेनी चाहिए.

एयर फ्रायर को लेकर क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

डायटिशियन–न्यूट्रिशन एक्सपर्ट रुजुता दिवेकर एयर फ्राइंग, डीप फ्राइंग या पारंपरिक तरीके से तलकर खाना पकाने की तुलना में हेल्दी नहीं है. उनका कहना है कि एयर फ्रायर में खाना पका कर ज्यादा खाना गलत है. हालांकि,सही और सीमित मात्रा में तला हुआ या डीप फ्राइड खाना नुकसानदायक नहीं होता है. एक बार में आध ा समोसा या 6–8 पकौड़े खाने से कोई नुकसान नहीं है. इससे ज्यादा डीप फ्राइड खाना नुकसान पहुंचा सकता है. इसलिए सेहत और खानपान का खास ख्याल रखना चाहिए.

एयर फ्राइंग कूकिंग से क्या नुकसान

1. ज्यादा आंच पर खाना पकाने से एयर फ्रायर में रखे फूड्स के न्यूट्रिएंट्स गायब हो सकते हैं.

2. स्टार्च वाले फूड्स चावल, मक्का और कुछ सब्जियां एयर फ्रायर में ज्यादा देर तक पकने से एक्राइलमाइड नाम का कंपाउंड बना सकते हैं, जो कैंसर का खतरा बढ़ा सकता है.

# प्रेगनेंसी में थकान और कमजोरी है तो हो जाएं सावधान... वरना हो सकती है ये बीमारी

मां बनना हर लड़की का सपना होता है. लेकिन प्रेगनेंसी के दौरान होने वाली तकलीफें सहन करना थोड़ा मुश्किल होता है. ऐसे में महिलाओं के हार्मोन चेंज होना आम बात है. प्रेगनेंसी के दौरान थकान और कमजोरी एक सामान्य अनुभव हो सकता है, जिसे आप हल्के में ना लें. प्रेगनेंसी के समय आमतौर पर महिलाएं एनीमिया से भी पीडिघ्त हो जाती हैं.आहार में पर्याप्त आयरनबता दें कि गर्भावस्था में एनीमिया मां और शिशु दोनों के लिए ही खतरा बन जाता है. ऐसी स्थिति में महिलाएं शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों के कारण थकान महसूस करती है. इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि कई बार यह किसी अन्य समस्या का संकेत भी हो सकता है. यदि आप मानसिक रूप से स्वस्थ हैं, तो होने वाला बच्चा भी स्वस्थ ही रहेगा. इसके लिए आप पर्याप्त आराम करें, व्यायाम करें, स्वस्थ भोजन करें और तनाव न लें. गर्भावस्था में महिलाओं को अपने आहार में पर्याप्त आयरन लेना चाहिए, यदि



उन्हें आयरन नहीं मिलता है, तो एनीमिया होने की आशंका बढ़ जाती है.ऐसे होता हैं महिलाओं में एनीमियाप्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में कई परिवर्तन होते हैं. कई महिलाओं को इस दौरान तकलीफें और समस्याएं होती हैं. जैसे – थकान और कमजोरी होना, चक्कर आना, नींद न आना, एनीमिया, साइकोलॉजिकल प्रेशर, पेट की समस्याएं, स्तन के दर्द आदि. फोलेट की कमी से भी महिलाओं में एनीमिया देखा जाता है. इसके अलावा कई बार अनहेल्दी फूड और इंफेक्शन के कारण भी गर्भवती महिलाएं एनीमिया का शिकार होती हैं. रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम होती है, जिससे शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है.

एनीमिया के लक्षण गर्भवती महिलाओं को अगर सांस लेने में तकलीफ, सिरदर्द, चक्कर, थकान, कमजोरी जैसे लक्षण दिखें तो डॉक्टर को जरूर दिखाएं, क्योंकि ये लक्षण एनीमिया के हैं. एनीमिया में स्किन का रंग पीला हो जाता है और हाथ–पैर ठंडे होने लगते हैं. ऐसी स्थिति यदि महिला की है तो उसे हल्के में ना लें और डॉक्टर से स्थिति के आधार पर उपचार करवा लें.

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की एडवांस बुकिंग शुरू, निर्माताओं ने वीडियो साझा कर दी जानकारी

ॉलीवुड अभिनेत्री सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म योद्धा को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा ने संभाली है।करण जौहर ने अपूर्व मेहता और शशांक खेतान के साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण किया है।यह फिल्म 15 मार्च को सिनेमाघरों का रुख करने वाली हैं। इससे पहले योद्धा की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है।निर्माताओं ने एक वीडियो साझा कर इस खबर की जानकारी दर्शकों को दी है।

धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें सिद्धार्थ जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं।उन्होंने लिखा, अपना पॉपकॉर्न तैयार कर लें क्योंकि उत्साह शुरू होने वाला है। हमारी एक्शन से भरपूर फिल्म बड़े पर्दे पर आने में सिर्फ 2 दिन बचे हैं।इस फिल्म में दिशा पाटनी और राशि खन्ना जैसी अभिनेत्रियां भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी।बॉक्स ऑफिस पर योद्धा का सामना अदा शर्मा की फिल्म बस्तर से होगा।

शेरशाह और मिशन मजनू के बाद योद्धा में एक बार फिल्म सिद्धार्थ मल्होत्रा एक्शन करते हुए नजर आएंगे। एक्टर इन दिनों जोर– शोर से फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं।योद्धा काफी इंतजार के बाद थिएटर्स में दस्तक देने जा रही है। अब तक फिल्म की रिलीज डेट में कई बार बदलाव किया जा चुका है। ऐसे में सिद्धार्थ मल्होत्रा के फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म होने वाला है। फिल्म की एडवांस बुकिंग 12 मार्च से शुरू



हुए है।भारत में योद्धा के लिए लगभग 204 स्क्रीन्स रखे गए है सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, योद्धा ने पहले दिन के लिए एडवांस बुकिंग में 7098 टिकट बेच ली है। इसके साथ ही फिल्म ने लगभग 14.10 लाख की ग्रॉस कमाई कर ली है। इनमें हिंदी के साथ बाकी सभी भाषाएं शामिल हैं। योद्धा की रिलीज मे काफी फेरबदल करने के बाद अब इसे 15 मार्च, 2024 को रिलीज किया जा रहा है। वहीं, फिल्म पहले 15 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। योद्धा का डायरेक्शन सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने किया है। वहीं, करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शन ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ दिशा पाटनी और राशि खन्ना भी अहम किरदारों में शामिल है। फिल्म में प्लेन हाईजैक की कहानी दिखाई गई है।

# अदा शर्मा की बस्तर की एडवांस बुकिंग शुरू, 15 मार्च को सिनेमाघरों दस्तक देगी फिल्म

बीते साल 2023 में अदा शर्मा ने फिल्म द केरल स्टोरी की जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। डायरेक्टर सुदीप्तो सेन और निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की इस मूवी ने कामयाबी का परचम लहराते हुए बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन कर के दिखाया है।

अब फिल्म बस्तर–द नक्सल स्टोरी के जरिए अदा, सुदीप्तो और विपुल की तिकड़ी एक बार फिर से वापसी करने के लिए तैयार है। मेकर्स की तरफ से अब इस मूवी की टिकटों की एडवांस बुकिंग भी ओपन कर दी गई है, जिसके जरिए आप रिलीज से पहले इस मूवी की टिकटों को आसानी से बुक कर सकते हैं।अदा शर्मा स्टारर बस्तर–द नक्सल स्टोरी को लेकर इस समय में फैंस का जबरदस्त हाइप बना हुआ है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद दर्शकों की उत्सुकता काफी बढ़ गई है। हर कोई इस मूवी की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।कर्स की तरफ से सोशल मीडिया पर फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर लेटेस्ट अपडेट दिया गया। इस पोस्ट में बताया गया है कि रिलीज से दो दिन पहले बस्तर–द नक्सल स्टोरी की एडवांस बुकिंग की विंडो को ओपन कर दिया गया है और अगर आप भी इस मूवी को देखने के लिए बेताब हैं तो ऑनलाइन जाकर पहले से ही टिकटों की बुकिंग कर सकते



हैं। मालूम हो कि जिस तरह से अदा शर्मा ने द केरल स्टोरी में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा है, उसके आधार पर बस्तर से काफी उम्मीदें की जा रही हैं। हांलाकि ये फिल्म कैसा प्रदर्शन करेगी ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। बस्तर–द नक्सल स्टोरी की रिलीज में अब महज दो दिन का वक्त शेष रह गया है। 15 मार्च 2024 को ये फिल्म बड़े पर्दे पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा के अदा शर्मा की इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस क्लैश होना है।

# कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस का गाना रातों के नजारे जारी, दिखीं तीन दोस्तों की मस्ती



कुणाल खेमू पिछले लंबे समय से अपनी आने वाली फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।यह उनके निर्देशन में बन रही पहली फिल्म है। फिल्म की कहानी भी खुद कुणाल ने लिखी है।बेबी ब्रिंग इट ऑन (फिल्म का पहला गाना) के बाद अब मडगांव एक्सप्रेस का दूसरा गाना रातों के नजारे जारी कर दिया है।इस गाने के बोल कलीम शेख ने लिखा हैं तो वहीं शारिब–तोशी और बेनी दयाल ने मिलकर गाया है।मडगांव एक्सप्रेस में प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और दिव्येंदु शर्मा जैसे दिग्गज सितारे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।नोरा फतेही भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं, जो फिल्म में रोमांस का तड़का लगाती नजर आएंगी।मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसका निर्माण फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की प्रोडक्शन कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट ने किया है।यह एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी।गाने के वीडियो में तीन लोगों को अपने जीवन का आनंद लेते हुए दिखाया गया है।इस ट्रैक में मनमोहक बीट्स के साथ शानदार डांस मूव्स भी शामिल हैं, जिसे विजय गांगुली ने कोरियोग्राफ किया है।इससे पहले फिल्म का ट्रेलर मुंबई में लॉन्च किया गया था। ट्रेलर में बचपन के दोस्तों दिव्येंदु, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की कहानी को दिखाया गया है। कहानी में दिखाया गया है कि कैसे गोवा में लड़के खुद को स्थानीय ड्रग्स गिरोह और पुलिस से जुड़ी परेशानियों के बीच पाते हैं। ढोल, कलयुग, लूटकेस और अन्य फिल्मों में दिखाई देने वाले कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी यह पहली फिल्म है।

# क्रू का धमाकेदार गाना घाघरा हुआ रिलीज, करीना-तब्बू-कृति ने डांस मूव्स से मचाया तहलका

बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म क्रू में करीना कपूर खान, कृति सेनन और तब्बू को एक साथ पर्दे पर देखने के लिए दर्शकों बेहद एक्साइटेड हैं. वहीं फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म का नया गाना घाघरा रिलीज कर दिया है.

इस धमाकेदार गाने में तीनों हसीनाएं अपने हुस्न का जलवा



बिखेरती नजर आ रही हैं. सोशल मीडिया पर उनका ये गाना खूब वायरल हो रहा है. गाने में तीनों एक्ट्रेसेस क्लब में जमकर पार्टी करती दिखाई दे रही हैं. ऐसा लग रहा है कि ये गाना इस साल का हिट पार्टी सॉन्ग साबित होने वाला है. हाल ही में फिल्म क्रू का टीजर जारी किया गया था, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिले हैं. बता दें कि फिल्म में आपको तीन एयर होस्टेसेज की कहानी देखने को मिलेगी जो अपनी जिंदगी से काफी परेशान है. ये तीनों अपनी लाइफ में कुछ नया और अलग करना चाहती हैं लेकिन वह बार बार उसी सिचुएशन में आ जाती हैं जिससे वह भाग रही हैं. क्रू एक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें करीना, तब्बू और कृति अपनी कॉमेडी से लोगों को गुदगुदाती नजर आएंगी. फिल्म में दिलजीत दोसांझ भी अहम किरदार में दिखाई देंगे. फिल्म में वह इन तीनों एक्ट्रेसेस के साथ धमाल मचाते हुए नजर आएंगे. राजेश ए कृष्णन के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. बता दें कि फिल्म को अनिल कपूर की बेटी रिया कपूर और एकता कपूर प्रोड्यूस कर रही हैं.

# अंकित गुप्ता के साथ मार्च में शादी करने वाली है प्रियंका चाहर चौधरी, एक्ट्रेस ने खबरों पर किया रिएक्ट



उडारियां में प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता ने अपनी केमिस्ट्री से सभी को प्रभावित किया। उन्हें आज भी तेजो और फतेह के नाम से प्यार किया जाता है। शो के सेट पर वे दोस्त बन गए और उनके रिलेशनशिप में होने की अफवाहें शुरू हो गईं। उडारियां में प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता ने अपनी केमिस्ट्री से सभी को प्रभावित किया। उन्हें आज भी तेजो और फतेह के नाम से प्यार किया जाता है। शो के सेट पर वे दोस्त बन गए और उनके रिलेशनशिप में होने की अफवाहें शुरू हो गईं। उडारियां के बाद, उन्होंने बिग बॉस 16 एक साथ किया। रियलिटी शो में हमने इन्हें एक–दूसरे के करीब आते देखा था। उन्होंने हमेशा कहा है कि वे सबसे अच्छे दोस्त हैं। हमने शो में देखा कि कैसे अंकित और प्रियंका एक–दूसरे के सबसे बड़े सपोर्ट थे और शो के बाद भी हमने उन्हें एक साथ समय बिताते देखा। उनकी तस्वीरें और वीडियो एक साथ उनके करीबी रिश्ते के बारे में बहुत कुछ बयां करते हैं। हालाँकि, इनमें से किसी ने भी रिलेशनशिप में होने की पुष्टि नहीं की है। लेकिन कुछ घंटे पहले ही उनकी शादी की खबरें आने लगीं। जी हां, टाइम्स नाउ के मुताबिक, प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता इस साल शादी करने की सोच रहे हैं। ऐसा कहा जा रहा था कि उनकी शादी का जश्न नवंबर या दिसंबर में शुरू होगा। हालाँकि, अब इस खबर पर प्रियंका की सबसे मजेदार प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, ष्यह मार्च है!!! लेकिन लगता है कुछ मीडिया पोर्टल्स का अप्रैल फूल जल्दी आ गया। प्रियंका के काम की बात करें तो उन्होंने हाल ही में तुषार कपूर के साथ अपनी वेब सीरीज श्दस जून की रातश की शूटिंग पूरी की है। सीरीज का निर्माण एकता कपूर ने किया है। वह और अंकित एक अन्य प्रोजेक्ट में भी साथ नजर आएंगे। यह भी खबर आई थी कि एकता कपूर के नागिन 7 के लिए प्रियंका चाहर चौधरी को भी अप्रोच किया गया

# बाक्स आफिस पर छाया अजय देवगन और आर माधवन की शैतान, 5 दिनों में ही बजट से ज्यादा कर ली कमाई

अजय देवगन और आर माधवन की शैतान सुपरनैचुरल फिल्म हैं. काले जादू और वशीकरण पर बनी ये हॉरर थ्रिलर रिलीज के बाद से ही सिनेमाघरों में गर्दा उड़ा रही है. इस फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले दिन शानादर कलेक्शन किया था और इसके बाद वीकेंड पर तो शैतान को देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी. इसी के साथ इसने शनिवार और रविवार को छप्परफाड़ कमाई की. हालांकि वीकडेज में शैतान की कमाई में गिरावट देखी जा रही है, चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंगलवार को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है गुजराती फिल्म वश की हिंदी रीमेक शैतान के रौंगटे खड़े कर देने वाले ट्रेलर को देखने के बाद से फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद शैतान्च ने अपने काले जादू से बॉक्स ऑफिस को भी अपने वश में कर लिया है. इसी के साथ इस फिल्म को देखने के लिए ऑडियंस भी सिनेमाघरों में खिंची चली आ रही है. फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 14.75 करोड़ की कमाई के साथ दमदार ओपनिंग की थी. वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 27.12 फीसदी की तेजी के साथ 18.75 करोड़ की कमाई की.

तीसरे दिन यानी संडे को शैतान ने 9.33 फीसदी के साथ 20.5 करोड़ का कलेक्शन किया. इसी के साथ शैतान्च ने रिलीज के तीन दिनों में ही 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली है. वहीं वीकेंड पर तूफानी कलेक्शन करने के बाद शैतान की कमाई वीकडेज आधी से भी कम रह गई है. इस फिल्म ने पहले मंडे को 64.63 फीसदी की गिरावट के साथ 7. 25 करोड़ का कारोबार किया. वहीं अब शैतान की रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक शैतान ने रिलीज के पहले मंगलवार को 6.50 करोड़ की कमाई की है. इसके बाद श्शैतान्च का 5 दिनों का कुल कलेक्शन अब 67.75 करोड़ रुपये हो गया है.

शैतान की कमाई में बेशक



वीकडेज में गिरावट देखी जा रही है लेकिन इसने रिलीज के महज पांच दिनों में ही अपने बजट से ज्यादा कमाई कर ली है. दरअसल ये फिल्म 60 से 65 करोड़ के बजट में बनी बताई जा रही है. ऐसे में फिल्म ने 67 करोड़ से ज्यादा कमाई कर अपनी लागत वसूल ली है. अब ये फिल्म मुनाफा कमाने में लग गई है.

वहीं फिल्म जिस रफ्तार से कमाई कर रही है उसे देखते हुए लग रहा है कि शैतान साल 2024 की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बन जाएगी.

# घटती कमाई के बावजूद आर्टिकल 370 अब 70 करोड़ से इंचभर दूर

यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया है. इस पॉलिटिकल थ्रिलर को क्रिटिक्स और दर्शकों से काफी शानदार रिव्यू मिला. जिसके बाद आर्टिकल 370 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया. फिल्म ने रिलीज के दो हफ्तों में छप्परफाड़ कलेक्शन किया. हालांकि अब रिलीज के तीसरे हफ्ते में आर्टिकल 370 की कमाई लाखों में सिमटती नजर आ रही है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है आर्टिकल 370 कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने और आतंकवाद के मुद्दे पर बेस्ड फिल्म है. आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही इसका काफी बज बना हुआ था. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक रैली के दौरान फिल्म का जिक्र



किया था और कहा था कि इससे लोगों को सही जानकारी मिलगी. इसके बाद तो आर्टिकल 370 को देखने के लिए दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट बढ़ गई थी. वहीं सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद फिल्म को ऑडियंस से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला और इसने खूब कलेक्शन किया. ये फिल्म अपने बजट से चार गुना ज्यादा कमाई कर चुकी है.

आर्टिकल 370 के कलेक्शन की बात करें तो 5.9 करोड़ से ओपनिंग करने वाली इस फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते में 35. 6 करोड़ कमाए थे. वहीं दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 22.3 करोड़ का कलेक्शन किया. रिलीज के तीसरे हफ्ते के थर्ड संडे आर्टिकल 370 ने 3.25 करोड़ की कमाई की. इसके बाद तीसरे सोमवार फिल्म की कमाई में 73.85 फीसदी की गिरावट आई और इसने 85 लाख का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल् मकी रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक आर्टिकल 370 ने रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार को 95 लाख का कारोबार किया. इसके बाद आर्टिकल 370 का 19 दिनों का कुल कलेक्शन अब 67.35 करोड़ रुपये हो गया है. आर्टिकल 370 को घरेलू बाजार में ही नही वर्ल्डवाइड भी दर्शकों से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है. आर्टिकल 370 की दुनियाभर में कमाई की बात करें तो जियो स्टूडियो द्वारा शेयर किए गए ऑफिशियल नंबर्स के मुताबिक फिल्म ने वर्ल्ड़वाइड 95 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है. अब ये 100 करोड़ छूने से इंचभर दूर है.

# लव सेक्स और धोखा 2 में उर्फी जावेद की एंट्री, कर रहीं बिग स्क्रीन डेब्यू

उर्फी जावेद के फैंस के लिए बड़ी खबर है.अतरंगी कपड़े पहनने वाली उर्फी के जल्द ही फिल्म में नजर आएंगी. ये एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 है. इस डिजिटल दुनिया का हिस्सा होने के नाते, उर्फी एक बड़ा एक्साम्पल हैं, जो फिल्म के लिए एक बेस्ट चॉइस हैं. उर्फी सबसे बड़ी आइकन हैं, जो सिर्फ सोशल मीडिया के जरिए पॉपुलर हुई हैं. लव सेक्स और धोखा 2 अपनी कहानी के साथ इंटरनेट के युग में प्यार और रिलेशनशिप की झलक दिखाने वाला है, जो इसके साथ ही शानदार एंटरटेनमेंट देना का वादा भी करता है. इसमें उर्फी जावेद की मौजूदगी इस फिल्म के मनोरंजन को और भी ज्यादा बढ़ा देगा. उर्फी जावेद अपने यूनिक फैशन सेंस और सोशल मीडिया प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं, उन्हें लव सेक्स एंड धोखा 2 में देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं.लव सेक्स और धोखा 2 को एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने प्रोड्यूसर किया. जबकि इस फिल्म का निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है. यह फिल्म 19 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी. जिसका ऐलान खुद आधिकारिक तौर पर एकता कपूर ने किया है.

उर्फी जावेद इससे पहले भी अपनी एक्टिंग कई टीवी शोज में दिखा चुकी हैं. इन टीवी शोज में साथ फेरों की हेरा फेरी, बेपनाह, डायन, ये रिश्ता क्या कहलाता है, बड़े भैया, ऐ मेरे हमसफर, चंद्र नंदिनी और मेरी दुर्गा शामिल है. हालांकि इन शोज से ज्यादा उर्फी जावेद को अपने अनोखे ड्रेसिंग सेंस से मिली. उर्फी आए दिन अजीबोगरीब कपड़े पहनकर स्पॉट हो जाती हैं तो कभी सोशल मीडिया पर नए लुक की फोटो या वीडियो शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं. फैंस भी उर्फी के इस अतंरगी कपड़ों पर कमेंट करते हैं. खास बात है कि कई सितारे उर्फी के फैशन सेंस की तारीफ भी कर चुके हैं.

# दिशा पाटनी ने सेक्सी आउटफिट में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की कातिल अदाओं ने यूजर्स के उड़ाए होश

बॉलीवुड की खूबसूरत और बोल्ड अदाकारा में से एक दिशा पाटनी फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपनी सिजलिंग पोस्ट से फैंस का दिल धड़काती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर स्टनिंग तस्वीरें व वीडियो शेयर किया है जोकि सोशल मीडिया का पारा तेज कर रहे हैं. दिशा पाटनी ने सिल्वर कलर का सेक्सी बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है, लाइट मेकअप के और खुले बालों के साथ पोज के साथ साथ वीडियो में डांस करते भी दिखाई दे रही हैं. एक्ट्रेस का इन तस्वीरें व वीडियो में किलर अवतार देख फैंस के होश उड़ गए हैं और वे दिशा की हॉटनेस की तारीफों के पुल बांध रहे हैं. दिशा पाटनी आए दिन अपनी शोख अदाओं से फैंस के दिलों पर खंजर चलाती रहती हैं। उनका हर एक अंदाज बेमिसाल है। इन तस्वीरों में दिशा पाटनी कैमरे के सामने कातिलाना निगाहों से कैमरे में पोज देते हुए एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बालों को वेवी लुक में स्टाइल कर के और साथ ही नो मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। दिशा पाटनी की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है और एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और फैंस को आए दिन अपनी हर एक झलक शेयर कर के ट्रीट देती रहती हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 249 जोड़ों ने की शादी, डीएम समेत प्रशासनिक अफसरों ने दिया आशीर्वाद

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जनपद–देवरिया में गुरुवार को महाराजा अग्रसेन इण्टर कॉलेज, देवरिया के प्रांगण मे 249 जोड़ों का विवाह कराया गया, जिसमें 236 हिन्दू एवं 13 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है। सामूहिक विवाह सौहार्दपूर्ण माहौल में विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ तथा उपस्थित सभी अतिथियों ने नवविवाहित वर–वधू को उनके सुखद जीवन के लिए आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य पंडाल में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधि ावत रूप से शुभारम्भ हुआ। जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में सभी नवविवाहित वर–वधू को उनके सुखद जीवन के लिए आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि



आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, निराश्रितधनिर्धन परिवारों के विवाह योग्य कन्याओं के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश के अंदर निवास करने वाले सभी समुदायों व वर्गों के व्यक्तियों के लिए संचालित है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि की प्रदेश में इतने बृहद स्तर में विवाह जैसे कार्यक्रमों का आयोजन शासकीय अधिकारियों द्वारा व्यवस्थित ढंग से कराया जाना पुण्य का काम है। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने कहा कि यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों, जिनकी वार्षिक आय रू0 2.00 लाख (रु० दो लाख) हो, के पुत्रियों की शादी हेतु संचालित है। योजना के अन्तर्गत प्रत्येक जोड़े पर रू0 51000.00 व्यय किया गया, जिसमें विवाहित कन्या के खातें में रू0 35000.00 अन्तरित किया जाता है. रू0 10000.00 की कन्या को गृहस्थी की सामग्री एवं वस्त्र–आभूषण आदि दिया गया तथा रू० 6000.00 भोजन, टेन्ट आदि पर व्यय किया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में सांसदध एमएलसी प्रतिनिधि राजू मणि, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कांत राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहें, जिन्होंनें वैवाहिक जोड़ों को उनके सफल जीवन के लिये आर्शीवाद प्रदान किया।

## श्रृंगवेरपुर धाम को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने के कार्य ने पकड़ी रफ्तार

प्रयागराज(आरएनएस)। महाकुंभ के पहले प्रदेश की योगी सरकार कुंभ नगरी प्रयागराज को एक और बड़ी सौगात देने की तैयारी में है। अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर के निर्माण और गर्भ ग्रह में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रभु राम के अनन्य भक्त निषादराज की स्थली श्रृंगवेरपुर को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की तैयारी है। पर्यटन विभाग और संस्कृति मंत्रालय की तरफ से इसे लेकर प्रयास तेजी से चल रहे हैं।

योगी सरकार से पहले उपेक्षित रहे प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई पहचान दी है। योगी सरकार सामाजिक समरसता के प्रतीक इस स्थान को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के साथ जोड़ कर विकसित कर रही है।

प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि प्रयागराज में गंगा नदी के तट पर स्थित श्रृंगवेरपुर धाम का कायाकल्प किया जा रहा है जिसका 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इसके अंतर्गत यहां ध3132. 06 लाख की लागत से निषाद राज पर्यटन पार्क स्थल का निर्माण कार्य दो फेज में किया जा है। निषादराज पार्क (फेज–1) के निर्माण हेतु ध 1313.16 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति हुई थी जिसमे अब तक ध 842.99 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इसमें निषादराज एवं भगवान श्रीराम मिलन की मूर्ति की स्थापना व मूर्ति के पैडेस्टल का कार्य, पोडियम का कार्य, ओवर हेड टैंक, बाउण्ड्रीवाल, प्रवेश द्वार का निर्माण, गार्ड रूम आदि कार्य सम्मिलित हैं।

श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क (फेज–2) के पर्यटन विकास हेतु ध 1818.90 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति हुई थी जिसमे अबतक ध454.72 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस परियोजना में भगवान श्रीराम के निषादराज मिलन से सम्बन्धित चित्रांकन, ध्यान केन्द्र, केयरटेकर रूम, कैफेटेरिया, पॉथ–वे, पेयजल व टॉयलेट ब्लॉक, कियास्क, पार्किंग, लैण्डस्केपिंग एवं हॉर्टीकल्चर, आउटर रोड, सोलर पैनल, मुक्ताकाशी मंच आदि कार्य सम्मिलित किये गये हैं।

## हाईकोर्ट में धनंजय सिंह ने याचिका दायर नहीं की

जौनपुर(आरएनएस )। एमपीएमएलए कोर्ट जौनपुर के खिलाफ पूर्व सांसद धनंजय सिंह की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका बृहस्पतिवार को भी नहीं दायर की जा सकी। मंगलवार से ही लगातार अफवाह उड़ रही है कि आज अर्जी दाखिल होगी, लेकिन सूत्रों ने बताया कि पूर्व सांसद की तरफ से कोई अर्जी नहीं आई है। ज्ञात हो कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह की अपील दाखिले को लेकर उड़ अफवाह आज भी तेज रही, लेकिन अभी तक पूर्व सांसद धनंजय सिंह की ओर से कोई अर्जी या अपील दाखिल नही हुई है। वर्ष 2020 के जौनपुर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र में हुए अपहरण के मामले में जौनपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने उन्हें सात साल कारावास की सजा सुनाई है। चुनावी साल में पूर्व सांसद को सुनाई गई यह आज उनके राजनैतिक भविष्य के लिए बेहद कष्टदाई है। इस सजा पर अगर हाईकोर्ट द्वारा रोक लगाई जाती है तभी वह लोकसभा चुनाव लड़ सकेंगे। अभी तक उनकी ओर से सजा को निलंबित करने और जमानत हासिल करने की कोई अपील और अर्जी रजिस्ट्री में दाखिल नही है।

## 20 एटीएम के साथ अभियुक्त पकड़ा गया

जौनपुर(आरएनएस )। जिले के थाना बक्सा पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों का पैसा निकालने वाला शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से अलग अलग बैंक के 20 एटीएम कार्ड व एक बिना नम्बर प्लेट की बुलेट मोटर साइकिल बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत बैंक एवं वित्तिय संस्थानों पर सदिग्धों व्यक्तियों की सघन चेंकिग, अभियान के अनुपालन में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व सहयोगियों के साथ थाना क्षेत्र के नौपेडवा बाजार में वित्तिय संस्थानों एवं बैंको की चेकिंग कर रहे थे तभी मुकबीर ने सूचना दिया एक व्यक्ति लोगो से ए.टी.एम. बदलकर उनका पैसा निकाल लेता है, स्टेट बैंक आफ इंडिया के ए.टी.एम नौपेडवा के पास लोगो के ए.टी.एम. बदलकर पैसा निकालने के फिराक मे पास खडा है। थानाध्यक्ष फोर्स के साथ नौपेडवा स्टेट बैंक एटीएम मशीन के पास पहुचने वाला ही था कि एटीएम फ्राड करने वाला व्यक्ति पुलिस को देखते ही बिना नम्बर प्लेट की बुलेट मोटरसायिकल स्टार्ट कर भागने का प्रयास किया जिसे हमराही पुलिस फोर्स की सहायता से पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्ति से तलाशी ली गयी तो 20 एटीएम कार्ड अलग अलग बैंक के बरामद हुए एवं मोटर साइकिल की चेंकिग गयी तो इंजन व चेचिस न0 खुरचा हुआ था, नम्बर प्लेट अस्पष्ट था। पूछताछ के दौरान ग्राम नेवादाकाजी थाना बक्सा के निवासी आलम पुत्र अब्बास ने आकर एटीएम फ्राड करने वाले व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए बताया कि कल इसी ने मेरे नये ए.टी.एम. का पिन सेट करने के बहाने मेरा एटीएम बदल लिया है, पकडे गये व्यक्ति विपिन यादव पुत्र गंगा यादव निवासी नसरत ताल टिसौरा माफी पोस्ट बरहलगंज थाना जहानागंज जिला आजमगढ़ को हिरासत पुलिस में लिया गया व अभियुक्त के विरुद्ध धारा 419ध 42046– 468/471 भादवि पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी है।

## निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना

प्रयागराज(आरएनएस)। श्रृंग्वेरपुर में निषादराज गुह्य सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना हेतु संस्कृति विभाग की तरफ से की जा रही है। इसके लिए ध 2034.80 लाख की लागत के सापेक्ष ध 1957.61 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। इसकी कार्यदायी संस्था उ.प्र.प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि.है। कुंभ नगरी प्रयागराज के तीर्थाटन विकास के लिए भगवान प्रभु राम से जुड़े स्थलों को चिह्नित करने के बाद उन्हें रामायण सर्किट के रूप में पर्यटन के मानचित्र पर स्थान दिया जा रहा है। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना राम वन गमन पथ इसी का एक हिस्सा है जो धीरे –ध ीरे मूर्त रूप लेने लगी है।अयोध्या से वन गमन को चले भगवान श्रीराम के पग जहां–जहां पड़े थे, अब वहां राम वन गमन पथ बनाया जा रहा हैं। राम वन गम पथ बनाने की तैयारी पूरी हो गई है। पांच चरणों में 177 किलोमीटर का फोरलेन राम वन गमन पथ का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस पथ के बनने से भगवान राम से जुड़े 37 स्थलों का विकास होगा और रामभक्तों को वहां तक पहुंचना आसान होगा। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर के निर्माण की शुरुआत होने के बाद ही राम वन गमन पथ पर काम शुरू हो गया है।

# लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराये जाने की तैयारी

## जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए जाने वाले दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश

प्रयागराज(आरएनएस)। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नोडल, सहायक नोडल अधिकारियों एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दायित्वों का अच्छे ढंग से निर्वहन करते हुए निर्वाचन कार्य को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु



कहा। जिलाधिकारी ने सभी अधि ाकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए जाने वाले दिशा–निर्देशों की पूर्ण रूप से जानकारी रखते हुए उसका शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया है।जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं उपजिलाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों का भ्रमणकर मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित करा ली जाये। जिलाधिकारी ने निर्वाचन से सम्बंधित शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करते हुए लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने हेतु कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप यादव, अपर जिलाधि ाकारी वित्त एवं राजस्व विनय सिंह, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति राजेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनोद सिंह सहित उपजिलाधिकारीगण, सभी नोडल अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नकारात्मकता निकालती यात्रा कायनात काजी

जौनपुर(आरएनएस )। देश की प्रख्यात यात्रा लेखिका एवं ब्लॉगर डॉ. कायनात काजी ने कहा कि यात्रा मन से नकारात्मकता को निकालती है। यायावरों ने संस्कृति को इतिहासकारों की तुलना में ज्यादा ईमानदारी से लिखा है। देश की लोक संस्कृति और धरोहरों को जानने के लिए मैंने यात्राएं की. यायावरों ने भारतीय संस्कृति को करीब से समझा। भारतीय संस्कृति की विविध ाता ही इसकी खूबसूरती है. डॉ. कायनात ने ये बातें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कल्चरल क्लब एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में कहीं. विश्वविद्यालय में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रदर्शन एवं दस्तावेजीकरण विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है. उन्होंने प्रतिभागियों को देश के विभिन्न भागों की लोक संस्कृति से परिचित कराया. कल्चरल मैपिंग के लिए टिप्स भी दिए. कायनात काजी भारत की पहली एकल महिला यात्री हैं जिन्होंने केवल चार वर्षों में दो लाख किलोमीटर की यात्रा की है. उन्होंने अपनी रोचल यात्राओं से भी परिचित कराया। इतिहासकार एवं ब्लॉगर एम एम मासूम ने जौनपुर की सांस्कृतिक विरासत पर कहा कि अपने सांस्कृतिक मूल्यों को स्थापित करना और सांस्कृतिक पहचान को कायम रखने की जिम्मेदारी युवाओं की है. उन्होंने कहा कि जौनपुर जनपद की सांस्कृतिक विरासत बहुत ही समृद्ध रही है इसे सहेजना बहुत मुश्किल नहीं है. अपने पूर्वजों की विरासत को बस सहेजना होगा. उन्होंने जौनपुर जनपद के ऐतिहासिक स्थलों के बारे में विस्तार से बताया। प्रो. बी डी शर्मा ने कहा कि हमें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए. संस्कार और संस्कृति जीने की चीज है. उन्होंने ग्रामीण संस्कृति पर विस्तार से चर्चा की. डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने कहा कि जिज्ञासा ही पथ प्रदर्शक होती है. जितना देश में भ्रमण करेंगे संस्कृति वो वास्तव में समझ पाएंगे. जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने अतिथियों का स्वागत एवं संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, धन्यवाद् ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ सुनील कुमार ने किया। डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. चन्दन सिंह, डॉ. सुरेन्द्र यादव, सोनम विश्वकर्मा, अमित मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## जोनल अधिकारी तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक से मांगा स्पष्टीकरण

प्रयागराज(आरएनएस)। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा आज नगर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ किये जाने के तथा आगामी कुम्भ मेला के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्र कोठापार्चा, आर्यकन्या स्कूल, मुटठीगंज, गऊघाट, कल्याणी देवी क्षेत्र तथा खुल्दाबाद, खुशरूबाग नूरउल्ला रोड अकबरपुर की आंतरिक गलियों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पार्कों तथा गलियों में जगह–जगह कूडा, पॉलीथीन फैला तथा नालियों में शिल्ट भरी पायी गयी। जिसे देख नगर आयुक्त द्वारा रोष व्यक्त करते हुए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को कड़ी फटकार लगायी गयी, साथ ही जोनल अधिकारी मदन गोपाल, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ज्ञानेन्द तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार को स्पटीकरण जारी करने के निर्देश के साथ सम्पूर्ण गलियों की समुचित साफ–सफाई कराते हुए की फोटो के उपस्थित होने के निर्देश दिये गये।इसी के साथ ही नगर आयुक्त जोन 03 कटरा के अन्तर्गत कामर्शियल क्षेत्र तथा वेन्डिंग जोन मेडिकल चौराहा वेन्डिंग जोन, भारद्वाज पार्क वेन्डिग जोन का निरीक्षण किया गया इस दौरान भी कई दुकानों के समने डस्टबिन नही पायी गयी साथ जगह–जगह कूडा, पॉलिथीन पाये जाने पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को कड़ी फटकारी लगायी गयी। नगर आयुक्त द्वारा कड़ी फटकार लगाते हुए सम्पूर्ण गलियों की समुचित साफ–सफाई कराते हुए कामर्शियल क्षेत्रों में डस्टबिन रखवाने हेतु लोगो को प्रेरित करे साथ नियमित रूप से चालान आदि कार्यवाही के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, जोनल अधिकारी मदन गोपाल, दिलीप श्रीवास्तव तथा मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

## मतदान के लिए करें सबको जागरूक – सीडीओ प्रत्युष पांडेय

### कलिंद इंटर कालेज में हुआ मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

संवाददाता।

देवरिया। शहर के खरजरवा स्थित कलिंद इंटरमीडिएट कॉलेज पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसके मुख्य अतिथि सीडीओ प्रत्युष पांडेय रहे। विशिष्ट अतिथि डी.पी.ओ. कृष्णकांत राय रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। जहां साथ में महेंद्र प्रसाद सह जिला विद्यालय निरीक्षक, डॉ.मिथिलेश कुमार सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रध ाानाचार्य परिषद, माधव प्रसाद सिंह जिला अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद और सर्वेश पांडे उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथि गण को माल्यार्पण के साथ अंग वस्त्रम से स्वागत किया। इसके बाद खुशी, अंशिका, आराध्या, तृप्ति, अनुराध ाा आदि छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति सबको वाह–वाह करने के लिए मजबूर कर दिया। विद्यालय की छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह जितने बच्चे हैं उतने परिवार हैं। हम सबका कर्तव्य बनता है कि हम स्वयं अपने माता– पिता, भाई, बहन के साथ मताधिकार का प्रयोग बिना भय, प्रलोभन, धर्म, जाति संप्रदाय से ऊपर उठकर निर्भीक होकर सत प्रतिशत मतदान करें और अपने आस पड़ोस के लोगों को भी जागरूक कर अपने मताधि ाकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही अपने भविष्य के प्रति भी जागरूक रहें। कठिन



परिश्रम के साथ समय का ठीक ढंग से समायोजन कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि स्वतंत्र और स्वच्छ लोकतंत्र के लिए बिना किसी प्रलोभन के ईमानदार और हमारी समस्याओं को सुनकर उसका निराकरण करने वाले प्रतिनिधि के लिए मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। उक्त अवसर पर डी.पी.ओ. कृष्णकांत राय, सह जिला विद्यालय निरीक्षक महेंद्र प्रसाद, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध यक्ष माधव प्रसाद सिंह और सर्वेश पांडे ने मतदाता जागरूकता अभियान पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सी. डी. ओ. ने मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग अनूप गुप्ता, आदर्श सिंह, उमा मिश्रा, दिलीप यादव, राहुल सिंह, शत्रुघ्न तिवारी, श्रीनिवास सिंह, अंकिता तिवारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राम सुमेर पांडे ने किया।

## पुलिस के चंगुल में नही आते बड़े गांजा तस्कर

जौनपुर(आरएनएस )। आये दिन पुलिस गांजा बरामद करती है कभी सौ ग्राम और कभी 200 ग्राम और कभी दो किलो तीन किलो भी लेकिन बड़े गांजा तस्कर पुलिस के चंगुल में नहीं आते या उन्हे पकड़ने से परहेज से किया जाता है। पूरे जिले के हर गांव मोहल्ले में गांजा कई स्थानों पर खुलेआम बिकता है और उसे पुलिस का पूरा संरक्षण भी रहता है। अगर सख्ती बरती जाय तो गांजा का बढ़ता अवैध कारोबार जरूर कम हो सकता है लेकिन कमाई का जरिया बन्द नहीं किया जाता। छोटे कारोबारियों को पकड़ कर पुलिस अपने कर्तव्यों को पूरा करती है। जिले के थाने की जलालपुर पुलिस ने 02 किलो 800 ग्राम गाँजा के साथ दो अभियुक्तो को गिरफ्तार है। पुलिस के अनुसार जलालपुर पुलिस के उपनिरीक्षक मोहन प्रसाद सहयोगियो के साथ चेकिंग के दौरान चवरी मे गस्त करते हुए मथुरापुर कोठवा मोड पर पहुचकर केराकत व जलालपुर रोड पर चेकिंग कर रहे थे कि एक बोलेरो सफेद जलालपुर की तरफ से तेजी से आती हुई दिखाई दी जिसे रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन चालक अपने वाहन को पीछे मोडने लगा कि घेरकर उक्त वाहन को रोक लिया गया उक्त वाहन के संदिग्ध प्रतीत होने पर अभियुक्तगण आशीष यादव उर्फ लकी पुत्र सुभाष यादव ग्राम प्रधानपुर थाना जलालपुर जौनपुर व बगल की सीट पर बैठे दूसरे अभियुक्त अनुराग यादव उर्फ लालू पुत्र सुभाष यादव ग्राम प्रधानपुर थाना जलालपुर जौनपुर की चेकिंग किया गया तो अभियुक्तगण के पास से 02 किलो 800 ग्राम नाजायज गाँजा बरामद हुआ ।

## 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध

प्रयागराज(आरएनएस)। जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम् दिशा–निर्देशानुसार 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म–12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते है। जिलाधिकारी ने बताया कि उपरोक्त फार्म–12डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के अंदर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बी0एल0ओ0 द्वारा घर–घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्म–12डी0 प्राप्त किया जाएगा।

## आशीष के शतक से चौधरी नौनिहाल क्लब श्एश जीता

प्रयागराज(आरएनएस)। आशीष रत्नम के शतक (109 रन, 53 गेंद, 12 चौके, आठ छक्के) की बदौलत चौधरी नोनियल सिंह क्लब श्एश ने विराट स्पोर्ट्स क्लब को 6 विकेट से हराकर प्रोफेसर अनादि प्रसाद भटनागर अंडर–23 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। केपी कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में विराट स्पोर्ट्स क्लब ने 39.4 ओवर में 186 रन (बालकेश कुमार 39, सूर्य प्रकाश सिंह 30, शुभम बिंद 26, सुमित पाण्डेय 2ध25, शुभ शर्मा

# अपनी विशेषताओं की सौगात की वजह से खास अहमियत रखता है माहे रमजान

## माहे रमजान के तीन रोजे मुकम्मल, पहला जुम्मा आज

प्रयागराज(आरएनएस)। माहे रमजान की खासियत यह है कि लोगों द्वारा रमजान के मुबारक महीने की तय्यारी माहे शाबान से ही शुरू हो जाती है। रमजान का महीना अपनी विशेषताओं की वजह से खास अहमियत रखता है जिसमें इंसान की जिंदगी और आखेरत दोनों को संवारा जाता है। मौलाना आमिरुर रिजवी ने बताया की गफलत वह बीमारी है जो हमारे हर तरहां के मानवीय और रुहानी फायदे को हम तक पहुंचने से रोक देती है या कम पूरी तरहा से फायदा हासिल नहीं करने देती है। इसीलिए इमामों ने इस मुबारक महीने की तय्यारी के सिलसिले में कुछ आदाब (नियम) बयान किए हैं जिनको हमे ओलमाओं की संगत में बैठ कर सुन्ना व समझना चाहिए।धीरे धीरे कर गुरुवार को माहे मुकद्दस रमजान के तीन रोजे मुकम्मल हो गए। बड़ों के साथ बच्चों ने भी अपने बड़ों से जिद कर रोजा रखा।एक साथ सहरी के साथ दिन भर भूख प्यास की शिद्दत को बर्दाश्त किया और मगरिब की अजान के साथ रोजा खोला। घर की महिलाओं ने तरह तरह की इफ्तारी के इन्तजाम किए तो वहीं आस पड़ोस के घरों व मस्जिदों में सेनी सजा कर इफ्तारी भेजी गई। उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार आज शुक्रवार को माहे मुकध्द्दस रमजान का पहला जुमा है। चौक कोतवाली की जामा मस्जिद, नूर उल्ला रोड की शाह वसी उल्ला मस्जिद, खानकाहे दायरा शाह अजमल की मस्जिद, धोबी घाट की हरी मस्जिद, करैली की अबू बकर मस्जिद, अटाले की बड़ी मस्जिद चक की शिया जामा मस्जिद, करैली की बीबी खदीजा शिया जुमा मस्जिद समेत शहर भर की सभी छोटी बड़ी मस्जिदों में बड़ी संख्या में माहे रमजान के पहले जुमे पर नमाजियों की भीड़ उमड़ने की संभावना है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।